Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 229 | गुरूवार, 21 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुंबई में भारी बारिश से आफत

# अमिताभ बच्चन सहित कई फिल्मी हस्तियों के दरवाजे तक पहुंचा पानी

**मुंबई।**

मुंबई में भारी बारिश ने बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन सहित कई फिल्मी हस्तियों के दरवाजे तक दस्तक दे दी है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में उनके जुहू स्थित निवास 'जलसा' के बाहर जलभराव दिखाया गया। इसमें दावा किया गया है कि अभिनेता स्वयं वाइपर से पानी निकाल रहे हैं। हालांकि, यह दावा सत्यापित नहीं हुआ है। स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय लगातार तीसरे दिन बंद रहे। बीएमसी ने नागरिकों से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है। आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1916 पर काल करने का अनुरोध किया गया है। मुंबई ही नहीं, भारी बारिश से महाराष्ट्र के कई जिले भी प्रभावित हुए हैं। पिछले 24 घंटे में भारी बारिश और बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में एनडीआरएफ की कुल 18 टीमें तैनात की गई हैं। नांदेड़ के मुखेड क्षेत्र में एसडीआरएफ की टीमों ने 293 लोगों को बचाया है। मुंबई में भारी बारिश के कारण मोनो रेल चेंबूर और भक्ती पार्क के बीच फंस गई। इसमें सवार 582 यात्रियों को बीएमसी की फायर ब्रिगेड ने सुरक्षित निकाला। इन यात्रियों में से 23 यात्रियों को 108 एंबुलेंस के द्वारा मौके पर ही उपचार दिया गया। दो मरीजों को सायन अस्पताल भेजा गया। मंगलवार शाम को चेंबूर और भक्ती पार्क स्टेशन के बीच भारी बारिश के बीच एक मोनो रेल अचानक रुक गई। यात्रियों ने बताया कि कुछ लोगों को एसी न चलने के कारण सांस लेने में कठिनाई हुई। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा तेजी से बढ़ रहा था। ट्रेन खतरनाक तरीके से झुक गई थी। हम प्रार्थना कर रहे थे कि किसी तरह जीवित बाहर निकल सकें। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है।



### 24 घंटे में शहर में लगभग 300 मिमी बारिश हुई

बताया गया है कि बच्चन के पूर्व निवास 'प्रतीक्षा' में भी पानी घुस गया है। भारी बारिश ने मुंबई के आम नागरिकों की परेशानी को भी बढ़ा दिया है। 24 घंटे में शहर में लगभग 300 मिमी बारिश हुई। स्थानीय ट्रेनों भी बारिश से बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। लगभग 34 ट्रेनों को रद करना पड़ा है। जबकि 250 से अधिक उड़ानें भी बारिश से प्रभावित हुई हैं।

## देशभर में होगी आपूर्ति

# आज विकास को नया आयाम देंगे सीएम योगी, एटा में सीमेंट संयंत्र का शुभारंभ



**एटा।**

मलावन क्षेत्र में श्री सीमेंट प्लांट दूसरी बड़ी परियोजना है जो पूरे देश में जिले को पहचान दिलाएगी। साथ ही इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एटा में आज विकास को नया आयाम देंगे। मलावन क्षेत्र में श्री सीमेंट प्लांट दूसरी बड़ी परियोजना है जो पूरे देश में जिले को पहचान दिलाएगी। साथ ही इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री इससे पूर्व लोकसभा चुनाव से पहले 2 मई को एटा जिला मुख्यालय और 9 मई को अलीगंज में आए थे। उससे पहले 16 अक्तूबर 2022 को मलावन स्थित जवाहरपुर विद्यालय तापीय परियोजना में आए थे और जिले को 419 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी थी। अब फिर मलावन क्षेत्र में ही उनका कार्यक्रम तय हुआ है। इसके तहत बृहस्पतिवार को सुबह 10:50 बजे उनका हेलीकॉप्टर मलावन में बनाए गए हेलीपेड पर उतरेगा। यहां वह इस सीमेंट प्लांट का शुभारंभ करेंगे। इस प्लांट में बड़े स्तर पर सीमेंट तैयार किया जाएगा। इसकी आपूर्ति देशभर में की जाएगी। इससे एटा का नाम भी पूरे देश में पहचाना जाएगा। इससे पहले मलावन क्षेत्र में ही जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना भी स्थापित की जा चुकी है।

# हल्के तेजस लड़ाकू जेट के साथ छह उन्नत विमान खरीदेगी भारतीय वायुसेना



**नई दिल्ली।**

**18,000**
करोड़ रुपये खर्च होंगे परियोजना के लिए लगभग

सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए लगभग 85 हजार करोड़ रुपये की लागत से 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस लड़ाकू जेट और छह उन्नत हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण (एईडब्ल्यू एंड सी) विमानों की प्रस्तावित खरीद को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने दोनों खरीद परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। बताया जा रहा है कि तेजस जेट लगभग 67,000 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे जाएंगे, जबकि एईडब्ल्यू एंड सी परियोजना के लिए लगभग 18,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रक्षा मंत्रालय द्वारा एअर इंडिया से पहले खरीदे गए सेकेंड हैंड एयरबस-321 विमानों का इस्तेमाल एईडब्ल्यू एंड सी परियोजना के लिए किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारतीय वायुसेना की निगरानी और सिग्नल इंटेलिजेंस प्रणालियों को बेहतर बनाना है। 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस (एमके-1ए) की खरीद रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वदेश निर्मित इस जेट से जुड़े एक अन्य सौदे के लगभग चार साल बाद हुई है। फरवरी 2021 में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा।

# पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों का जबरन हो रहा मतांतरण

**लाहौर।**

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ती ही जा रही है। हिंदू और ईसाई लड़कियों को लक्षित कर निशाना बनाया जा रहा है। पाकिस्तान के शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने कहा कि पिछले साल हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन मतांतरण और कम उम्र में विवाह के मामलों में तेजी आई है।

पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट 'स्ट्रीट्स आफ फियरः फ्रीडम ऑफ रिलीजन आर बिलीफ इन 2024/25' में इसे धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए बेहद परेशान करने वाला साल बताया गया है। आयोग ने कहा कि ईशनिंदा के आरोपित, खासकर अल्पसंख्यक सदस्यों की भीड़ द्वारा हत्या का चलन भी बढ़ा है। ईशनिंदा के आरोपित दो व्यक्तियों को पुलिस ने उस समय न्यायेतर तरीके से मार डाला जब वे उग्र भीड़ से सुरक्षा की मांग कर रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऐसी घटनाएं कानून प्रवर्तन और जवाबदेही तंत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। रिपोर्ट में नफरत भरे भाषणों में वृद्धि की ओर भी इशारा किया गया है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ धमकियों से लेकर निर्वाचित प्रतिनिधियों की सार्वजनिक रूप से निंदा तक शामिल है। ऐसा चरमपंथी तत्वों के बढ़ते हौसले के कारण हो रहा है। बार एसोसिएशनों का धार्मिक अतिवादी समूहों के साथ गठबंधन की ओर झुकाव चौंकाने वाला है। गृह मंत्रालय पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने सीनेट को सूचित किया है कि 2021 से जून 2025 के बीच इस्लामाबाद में दर्ज यौन शोषण के 567 मामलों में से 200 मामले बच्चों से जुड़े थे। बाल यौन शोषण के दर्ज किए गए 200 मामलों में से 93 पीड़ित लड़के और 108 लड़कियां थीं।




### 'न्याय मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी'

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष द्वारा बुधवार को मानहानि का मुकदमा दायर करने के कुछ ही घंटों बाद आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के पिता ने कहा कि हम उन्हें महत्व नहीं देना चाहते। न्याय मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। नोटिस मिलने के बाद हमारे वकील मानहानि के मुकदमे का जवाब देंगे। कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट में दर्ज मानहानि का मुकदमा पीड़िता के पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से यह आरोप लगाने के बाद दर्ज किया गया है कि श्री घोष ने पैसे देकर मामले का समाधान करने के लिए बंगाल सरकार और सीबीआइ के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

# पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र उपयोग नहीं कर पाएंगे भारतीय विमान

**लाहौर।**

पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध 23 सितंबर तक बढ़ा दिया। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है, जिसमें पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर प्रतिबंध को एक महीने के लिए बढ़ाने की घोषणा की गई है। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा कि भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित सभी विमानों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध भारत के स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए सैन्य और नागरिक विमानों पर भी लागू रहेगा। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर यह प्रतिबंध सबसे पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। इस कदम से भारतीय विमानों के पाकिस्तानी क्षेत्र में उड़ान भरने पर रोक लग गई। कुछ दिनों बाद 30 अप्रैल को भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी विमानों और एयरलाइनों के लिए हवाई क्षेत्र बंद कर दिया।



# लिपुलेख पर नेपाल का दावा ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं, भारत ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।**



भारत ने बुधवार को लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के भारत और चीन के फैसले पर नेपाल की आपत्ति को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया और कहा कि इस क्षेत्र पर काठमांडू का दावा उचित नहीं है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। भारत और चीन मंगलवार को लिपुलेख दर्रे और दो अन्य व्यापारिक बिंदुओं के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमत हुए है। नेपाली विदेश मंत्रालय ने बुधवार को लिपुलेख दर्रे के जरिए सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के कदम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र नेपाल का अभिन्न अंग है। 2020 में, नेपाल ने एक राजनीतिक मानचित्र जारी करके सीमा विवाद को जन्म दिया था, जिसमें कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख को देश का हिस्सा दिखाया गया था। भारत ने इन दावों का कड़ा विरोध किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नेपाल के क्षेत्रीय दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमने लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के संबंध में नेपाल के विदेश मंत्रालय की टिप्पणियों पर ध्यान दिया है।

# राजेश ने की थी सीएम के निजी और सरकारी आवास की रेकी



**नई दिल्ली।**

एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसमें आरोपी रिक्शे में सवार होकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के शालीमार बाग स्थित निजी आवास पर पहुंचते हुए दिखा है।

मुख्यमंत्री पर हमला करने वाले आरोपी राजेश ने दिल्ली आने के बाद रेखा गुप्ता के निजी व सरकारी आवास की रेकी की थी। बुधवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसमें आरोपी रिक्शे में सवार होकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के शालीमार बाग स्थित निजी आवास पर पहुंचते हुए दिखा है। आरोपी ने रिक्शा चालक को पैसे देकर चलता किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के घर के बाहर मोबाइल से वीडियो बनाया। करीब 3 मिनट 8 सेकंड का वीडियो बनाने के बाद आरोपी मुख्यमंत्री के निजी आवास में घुस गया। वहां आम लोगों के बैठने के लिए बेंच हैं।

# रणसंवाद-2025 में शामिल होंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीडीएस



**नई दिल्ली।**

भारतीय सैन्य अधिकारियों द्वारा "कठोर अनुभव" साझा किए जाएंगे, जिसमें भारत के ऑपरेशनल फ्रंटलाइन से प्राप्त सबक, ऑपरेशन सिंदूर का अनुभव और सशस्त्र बलों में संयुक्तता को बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी।

यह सब कुछ 26-27 अगस्त को आयोजित होने वाले तीनों सेनाओं के एक अग्रणी सेमिनार में होगा, जिसका विषय युद्ध में प्रौद्योगिकी का प्रभाव है। 27 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सेमिनार में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 'रणसंवाद-2025' में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश के महू के आर्मी वॉर कॉलेज में उपस्थित होंगे। युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर यह प्रमुख सेमिनार भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद हो रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान हेलीकॉप्टर ऑपरेशन पर आधारित तीन संयुक्त सिद्धांतों का भी विमोचन किया जाएगा। मुख्यालय आइडीएस के एक्स हैंडल पर एक वीडियो संदेश में एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा, "एक ऐसे युग में जहां निर्णय की गति स्वयं एक हथियार है, हमें एक बल के रूप में सोचना, प्रशिक्षण लेना और लड़ना चाहिए।" मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ ने दिल्ली छावनी के मॉनेकशा सेंटर में एक ब्रीफिंग आयोजित की, जिसे मुख्यालय आर्मी ट्रेनिंग कमांड द्वारा मुख्यालय आइडीएस के अधीन आयोजित किया जाएगा।

## संपादक की कलम से

# उपराष्ट्रपति पर सहमति क्यों नहीं?

भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए सत्ताधारी भाजपा–एनडीए और विपक्ष के इंडियागठबंधन के बीच सर्वसम्मति नहीं बन पाई। अपेक्षा की जाती रही है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर सरीखे पदों को सर्वसम्मति के साथ तय किया जाए। उन पर चुनाव नहीं होने चाहिए, क्योंकि वे पक्ष और विपक्ष के साझा चेहरेमाने जाते हैं। वे अपने पदों पर संवैधानिक शीर्ष होते हैं, जिनसे न्याय की उम्मीद पक्ष और विपक्ष दोनों ही करते हैं,



ललित शर्मा
संपादक

लेकिन भारतीय लोकतंत्र की विडंबना है कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सरीखी राष्ट्रीय हस्तीपर भी सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी, नतीजतन राष्ट्रपति पद का चुनाव कराना पड़ा था। सर्वसम्मत संवैधानिक चेहरा शायद ही कोई हो, हमें ध्यान नहीं। इसका बुनियादी कारण यह है कि सरकार और विपक्ष के दरमियान संवैधानिक और वैचारिक नहीं, बल्कि नफरत, खीझ, चिढ़ की विभाजक रेखाएं होती हैं। अब भी प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने साफ कहा है कि उपराष्ट्रपति पर सर्वसम्मति भाजपा–आरएसएस के कारण नहीं हुई। भाजपा लाठीतंत्रसे इस देश को चलाना चाहती है। वह कांग्रेस होने नहीं देगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए जिस शख्स को चुना गया है, वह आरएसएस के स्वयंसेवक रहे हैं। जनसंघ–भाजपा के सदस्य और सांसद रहे हैं। तमिलनाडु में उन्होंने भाजपा का नेतृत्व भी किया है। वह पूरी चेतना के साथ संघीहैं, लिहाजा पदासीन होने के बावजूद उनसे तटस्थता की उम्मीद नहीं की जा सकती। विपक्षी इंडियाने सर्वोच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश एवं गोवा के लोकायुक्त रहे, संविधानविद और गैर–राजनीतिक शख्स जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। यह विपक्ष का संवैधानिक अधिकार भी है। बेशक विपक्ष अराजनीतिकका दावा करे, लेकिन रेड्डी को इसी आधार पर चुना गया है, ताकि आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरीखे दलों के लिए धर्मसंकटकी स्थिति पैदा हो और अंततः वे विपक्ष के उम्मीदवार को समर्थन देने को बाध्य हो जाएं! कांग्रेस की यह राजनीतिक गणना नाकाम रही, क्योंकि चंद्रबाबू नायडू, जगनमोहन रेड्डी और चंद्रशेखर राव के दल भाजपा–एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को अपना समर्थन घोषित कर चुके हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु के कोंगु वेल्लालरसमुदाय से आते हैं। हालांकि उन्होंने 1998, 1999 में कोयंबटूर सीट से संसदीय चुनाव जीता, लेकिन 2004, 2014, 2019 के लोकसभा चुनावों में वह लगातार हारे। अब भाजपा की निगाह पश्चिमी तमिलनाडु या कोंगु पट्टीके मतदाताओं पर है, लेकिन तमिलनाडु में राधाकृष्णन को शांत, सरल, सज्जन और कम बोलने वाला नेता तो माना जाता है, लेकिन सीपी(उनका लोकप्रिय नाम) को करिश्माई नेता नहीं माना जाता। वह प्रधानमंत्री मोदी के बहुत करीब हैं और यह दोस्ताना करीब 40 साल का है, लेकिन सीपीको आरएसएस की पसंद नहीं माना जा रहा है। अलबत्ता उन्हें चुन लिया गया है। भाजपा के अलावा सहयोगी दलों के सांसदों ने भी उनके नाम पर मुहर लगा दी है। अब सीपी राधाकृष्णन का देश का उपराष्ट्रपति बनना लगभग तय है। सांसदों का बहुमत कुछ ऐसा ही है। संसद के दोनों सदनों में कुल 782 सांसद हैं, लिहाजा 392 बहुमत है, जो जीत का आंकड़ा भी है। 2022 में धनखड़ को 528 वोट मिले थे और विपक्ष की मारग्रेट अल्वा 183 पर ही सिमट गई थी। इस बार भाजपा–एनडीए के पक्ष में कुल 423 सांसद हैं और इंडियाके 355 सांसद बताए गए हैं। इस चुनाव में व्हिपजारी नहीं किया जा सकता, लिहाजा सांसदों में ध्रुवीकरण देखा जाता रहा है।

# इतिहास की सीख छोड़ फ्रेम में उलझा युवा वर्ग



डॉ सत्यवान सौरभ

**यह पीढ़ी तभी सार्थक होगी जब वह अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिकता को आत्मसात करेगी। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो साहित्य केवल पुस्तकालयों में बंद रह जाएगा और संस्कृति केवल त्योहारों के सजावटी फ्रेम में कैद हो जाएगी। तब हम केवल उपभोक्ता समाज रह जाएँगे, सृजनशील सभ्यता नहीं। आज आवश्यकता है कि विद्यालय और विश्वविद्यालय साहित्य को केवल परीक्षा का विषय न मानें, बल्कि जीवन का अनुभव मानें। लेखकों और कवियों को पुनः समाज के केंद्र में लाने की जरूरत है। भाषा को बोझ नहीं, गौरव का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। और सबसे बढ़कर, नई पीढ़ी को यह एहसास दिलाना होगा कि साहित्य का आत्मसत्य ही वह शक्ति है, जो उन्हें इतिहास की गहराई और भविष्य की दिशा दोनों देता है। इतिहास हमें यह दिखाता है कि हमने क्या खोया और क्या पाया। साहित्य हमें यह सिखाता है कि हम क्या हो सकते हैं। यही कारण है कि साहित्य और इतिहास का संबंध इतना गहरा और अविभाज्य है। यदि नई पीढ़ी इस आत्मसत्य से जुड़ने में असफल रही, तो वह न तो इतिहास समझ पाएगी और न ही भविष्य गढ़ पाएगी। आधुनिकता का उन्माद तभी सार्थक होगा, जब वह साहित्य और संस्कृति की आत्मा से जुड़कर नई रचनात्मकता पैदा करेगा। अन्यथा हम केवल फ्रेम की पीढ़ी रह जाएँगे—जहाँ गहराई नहीं होगी, केवल सतही छवियाँ होंगी। यही इस समय की सबसे बड़ी चेतावनी भी है और सबसे बड़ा समाधान भी।**

आज की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि युवा वर्ग केवल फ्रेम और क्लिक की दुनिया में सिमटकर न रह जाए। क्षणभंगुर छवियाँ उसे आकर्षित करती हैं, परंतु इतिहास और साहित्य ही स्थायी आत्मबल देते हैं। फ्रेम से मिली चमक पल भर की है, लेकिन साहित्य से मिला आत्मसत्य पीढ़ियों तक ऊर्जा देता है। आवश्यकता है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया की सतहीता से बाहर निकलकर संस्कृति और ज्ञान की गहराई को पहचाने। इतिहास से सीखना और साहित्य से जुड़ना ही उनके जीवन को दिशा देगा। यही भविष्य को सार्थक बनाने का मार्ग है। पीढ़ी 1990 के बाद पैदा हुई, उसके हिस्से इतिहास कम फ्रेम ज्यादा आए। मोबाइल, कैमरा और सोशल मीडिया की दुनिया ने उन्हें घटनाओं की गहराई में जाने की बजाय केवल सतही फ्रेम और दृश्य-छवियों तक सीमित कर दिया। आज का युवा वर्ग अतीत के संघर्षों से शिक्षा लेने के बजाय इंस्टेंट फ्रेमों में फँसा है। यही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है।

आधुनिकता के उन्माद के बावजूद हमारे सार्वजनिक जीवन में जो शून्यता, दरिद्रता और दिशाहीनता दिखाई देती है, उसके कारण बहुत दूर जाकर नहीं खोजने पड़ते। यह शून्यता दरअसल हमारी स्मृतियों और सांस्कृतिक आत्मबोध के बिखराव से पैदा हुई है। इतिहास हमें बताता है कि क्या हुआ, जबकि साहित्य यह दिखाता है कि क्या हो सकता था और क्या होना चाहिए था। साहित्य को आत्मसत्य इसलिए कहा गया है कि वह मनुष्य को केवल सूचना नहीं, बल्कि अनुभव और मूल्य देता है। भारत का इतिहास किसी सुखद घटनाओं की लड़ी नहीं है। इसमें युद्ध, संघर्ष, विद्वेष, विभाजन और बँटवारा है। लेकिन इन्हीं अंधेरे अध्यायों के बीच स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा भी है। 1857 से 1947 तक का काल केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं था, वह साहित्य का भी स्वर्णकाल था। स्वतंत्रता संग्राम और साहित्य जैसे एक-दूसरे में घुल गए थे। कवि, लेखक और कलाकार केवल दर्शक नहीं थे, बल्कि वे इतिहास के सह-निमार्ता थे। उनके गीत, कविताएँ और उपन्यास आम जनमानस में ऊर्जा और चेतना जगाते थे। यही कारण है कि आजादी की लड़ाई केवल तलवार और आंदोलन की गाथा नहीं रही, बल्कि साहित्यिक कृतियों की भी कहानी बनी। लेकिन यह गौरवशाली परंपरा आज कहीं खो गई है। एक प्राचीन सभ्यता की प्राणवत्ता उसके सांस्कृतिक प्रतीकों और जीवनदायी आस्थाओं में निहित होती है। यही प्रतीक एक समय में हमारे चिंतन, सृजन और व्यवहार को अर्थ प्रदान करते थे। जब यह जीवन्त समग्रता खंडित होकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बँट जाती है, तो वे केवल नामलेवा अनुष्ठानों तक सिमट जाते हैं। पूजा-पाठ तो बचा रहता है, परंतु उससे कोई नयी प्रेरणा नहीं निकलती। आज का भारतीय समाज इसी विडंबना से गुजर रहा है—हमारे पास परंपराएँ तो हैं, लेकिन उनमें जीवन्तता नहीं है। हम अपने ही देश में आत्मनिर्वासित प्राणियों की तरह जीने को विवश हो गए हैं। हमारी नैतिक मयार्दाएँ, हमारे अध्ययन और हमारे विचार—सब पर विदेशी भाषा और सोच का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। अंग्रेजी का वर्चस्व केवल एक शैक्षिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक निर्भरता का सबसे बड़ा प्रतीक है। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए कहा था—अंग्रेजी भाषा ने संस्कृत का सर्वाधिकार छीन लिया है। आज भारतीय विद्याओं की जैसी विवेचना और विचार अंग्रेजी भाषा में हैं, उसकी आधी चर्चा का भी दावा कोई भारतीय भाषा नहीं कर सकती। यह हमारी सबसे बड़ी पराजय है। राजनीतिक सत्ता के छिन जाने से हम उतने नतमस्तक नहीं हैं, जितने अपने विचार की, तर्क की, दर्शन की, अध्यात्म की अपनी सर्वस्व भाषा छिन जाने से। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हम अपनी ही विद्या को अपनी बोली में न कह सकने के उपहासास्पद अपराधी हैं। यह लज्जा हमारी जातीय है। वास्तव में जिसे द्विवेदी जी ने उपहासास्पद अपराध कहा, उसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार भारतीय सम्भ्रांत शिक्षित वर्ग रहा है। उसने अंग्रेजी को श्रेष्ठता और भारतीय भाषाओं को पिछड़ेपन का चिह्न बना दिया। आज स्थिति यह है कि युवा पीढ़ी अपनी ही भाषा में बोलने से हिचकती है, अपनी संस्कृति को आधुनिकता के विपरीत मानती है और साहित्य को केवल पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित समझती है। 1990 के बाद जन्मी पीढ़ी का संकट यही है। उनके पास सूचनाओं का अंबार है, पर आत्मसत्य नहीं। वे मोबाइल स्क्रीन पर इतिहास की झलकियाँ देखते हैं, पर उसकी गहराई में नहीं उतरते। उनकी चेतना फ्रेमों और क्लिप्स पर आधारित है। इस पीढ़ी ने इतिहास कम और फ्रेम ज्यादा देखे हैं। यही कारण है कि उनमें वह गहराई नहीं है, जो साहित्य और इतिहास से संवाद करने पर आती। इतिहास से हमें संघर्ष, धैर्य और त्याग की शिक्षा मिलती है। लेकिन फ्रेम हमें केवल तात्कालिक दिखावा और सतही आकर्षण देता है। यही वजह है कि युवा वर्ग की ऊर्जा दिशाहीन होती जा रही है। उनके पास विकल्प बहुत हैं, पर संकल्प नहीं। फ्रेम की दुनिया क्षणभंगुर है—एक फोटो, एक रील, एक क्लिक पल भर में आती है और मिट जाती है। जबकि इतिहास की सीख स्थायी है—वह आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा देती है। यदि युवा वर्ग इस आत्मसत्य को समझने में असफल रहा, तो वह न केवल अपने वर्तमान को खो देगा बल्कि भविष्य को भी अंधकारमय कर लेगा।

साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है। यह व्यक्ति और समाज को अपने आत्म से मिलाने वाला माध्यम है। साहित्य हमें बताता है कि हमारी जड़ें कहाँ हैं और हमारे सपनों का आकाश कहाँ तक फैला है। साहित्य के बिना समाज केवल सूचनाओं का ढेर रह जाता है, आत्मबोध और दिशा खो देता है। यही कारण है कि आज साहित्य को पुनः केंद्र में लाने की आवश्यकता है। आज का प्रश्न यही है—क्या हम इस पीढ़ी को फिर से साहित्य और इतिहास से जोड़ पाएँगे? क्या हम उन्हें दिखा पाएँगे कि संस्कृति कोई बोझ नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार है? यह तभी संभव होगा जब भारतीय भाषाओं को केवल बोलचाल तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें ज्ञान और शोध की भाषा बनाया जाए।

नई पीढ़ी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया के फ्रेम और क्लिक क्षणिक हैं। वे पल भर में आते हैं और गायब हो जाते हैं। लेकिन साहित्य और संस्कृति वे आधार हैं, जिन पर स्थायी आत्मविश्वास खड़ा होता है।

## उदय किशोर साह



### मौन है चट्टान

कविता

सदियों से खड़ा है मौन बन ये चट्टान
बचाने की कोशिश में खुद की ईमान
कैसे कैसे बेशरम हो गया यहाँ शैतान
हर नुक्कड़ पे खड़ा हँसता है बेईमान

रब ने बनाया था एक सभ्य इन्सान
पर मानव करता गया गलत ही काम
पाप के सागर में डुब रहा है तमाम
मानवता हो गई जग में अब नाकाम

जग में आया था जपने हरिनाम
पर बेच दिया खुद का भला सा नाम
बदनामी का ले चुका है यहाँ ईनाम
विचित्र सा सोंच बना लिया है इन्सान

खुद रोता है और परिजन को रुलाया
कारागार जाने का रास्ता दिखलाया
हद को बेशरमी से है अब। ढुकराया
फिर भी इन्हें शर्म नहीं कभी आया

इन्सानों की फितरत से दु:खी है भगवान
क्यूं मिट्टी के तन को दिया था मैंने। प्राण
पाप की गठरी बन चुके है कई नाम
मेरी भलमानस सोंच आया ना कोई काम

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025: युवाओं की सुरक्षा और समाज की ज़िम्मेदारी की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

**वेलकम इंडिया**

भारत एक युवा देश है।यहाँ की आधी से अधिकआबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और इस युवा शक्ति को ही ‘नवभारत का भविष्य’ कहा जाता है। परंतु यही युवा आज एक ऐसे जाल में फंसते जा रहे हैं जो मनोरंजन के नाम पर धीरे-धीरे उन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक अंधकार की ओर धकेल रहा है। यह जाल है ऑनलाइन गेमिंग का अनियंत्रित विस्तार। मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट की सुलभता ने भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विशाल बना दिया है। आज स्थिति यह है कि लगभग 50 करोड़ भारतीय युवा किसी-न-किसी रूप में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े हुए हैं। इनमें से लाखों युवा इसकी लत के शिकार हो चुके हैं।इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने ‘प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025’ संसद में प्रस्तुत किया जो पास हो गया।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि पिछले दस वर्षों में भारत में इंटरनेट उपयोग कताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। सस्ते स्मार्टफोन और डेटा पैक की वजह से आज गाँव-गाँव तक इंटरनेट पहुंच चुका है। इस इंटरनेट क्रांति का एक सबसे बड़ा प्रभाव ऑनलाइन गेमिंग के रूप में सामने आया। पीयूबीजी, फ्री फायर,बीजीएमआई, कॉल ऑफ ड्यूटी और विभिन्न फैंटास्टि स्पोर्ट्स जैसे गेम युवाओं में इस कदर लोकप्रिय हो गए कि वे पढ़ाई, खेल-कूद और सामाजिक जीवन से दूर होकर वर्चुअल दुनियाँ में खोते चले गए। 20 अगस्त 2025 को देर शाम केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने संसद भवन के बाहर कहा कि यह कानून इसलिए जरूरी हो गया क्योंकि ऑनलाइन गेमिंग ने करोड़ों युवाओं को अंधकार में डाल दिया है और समाज से बड़े पैमाने पर फीडबैक प्राप्त हुआ कि अब इसे नियंत्रित करना ही पड़ेगा, आज के युग में डिजिटल टेक्नोलॉजी में ऑनलाइन गेमिंग एक बड़ा सेक्टर बनकर उभरा है। ऑनलाइन गेमिंग के तीन सेगमेंट्स हैं:पहला-ई-स्पोर्ट्स, दूसरा- ऑनलाइन सोशल गेमिंग और तीसरा-ऑनलाइन मनी गेमिंग।इस बिल के माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को प्रमोट किया जाएगा और इसको सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है। हमारे द्वारा एक अथॉरिटी बनाई जाएगी, जिसके माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा दिया जाएगा ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए सही नहीं है। कुछ गेम्स ऐसे हैं, जिनमें परिवार की जिंदगीभर की बचत ऑनलाइन गेम में चली जाती है।



गोंदिया

साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ द्वारा गेमिंग डिसऑर्डर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या व भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने की करें तो,विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2019 में ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक स्वास्थ्य की श्रेणी में शामिल किया था। डब्लूएचओ का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक ऑनलाइन गेम में इतना डूब जाए कि उसके पढ़ाई-लिखाई,रोजगार नींद, खान-पान, सामाजिक संबंध और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल असर पड़े, तो यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है।भारत में भी कई राज्यों में ऐसी घटनाएँ सामने आईं जहाँ बच्चे और किशोर ऑनलाइन गेम हारने के बाद तनाव, डिप्रेशन और यहाँ तक कि आत्महत्या तक कर बैठे। माता-पिता ने शिकायत की कि उनके बच्चे मोबाइल स्क्रीन से अलग नहीं हो पा रहे, नींद पूरी नहीं हो रही, आँखों की रोशनी प्रभावित हो रही है, और पैसे खर्च करने की आदत भी नियंत्रण से बाहर जा रही है।इन्हीं कारणों से भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने का निर्णय लिया।




साथियों बात अगर हम,इस कानून को जरूरी बनाने वह बिल की मुख्य बातों की करें तो, (1) युवा पीढ़ी पर खतरा-लगभग 50 करोड़ युवा ऑनलाइन गेम्स की लत में हैं।यह संख्या भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा है।(2) आर्थिक शोषण-इन-ऐप परचेज और कैश रिवाड्र्स ने युवाओं को आर्थिक रूप से शोषित किया। कई परिवार कर्ज.में डूबे।(3) अपराध की घटनाएँ- कई राज्यों में देखा गया कि बच्चे चोरी या अपराध की राह पर चल पड़े ताकि वे गेमिंग के लिए पैसे जुटा सकें।

(4) स्वास्थ्य संकट- मानसिक तनाव, डिप्रेशन, आँखों और शरीर से संबंधित रोगों का प्रसार। (5)समाजिक असंतुलन- युवाओं का वास्तविक जीवन से कटना और वर्चुअल दुनिया में गुम होना। (6) फीडबैक का दबाव-समाज से व्यापक स्तर पर सुझाव मिले कि सरकार को इस पर नियंत्रण करना ही होगा।प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 की मुख्य बातें (1) गेम्स की कैटेगरी तय होगी-कौन सा गेम ‘स्किल-बेस्ड’है और कौन सा ‘चांस-बेस्ड’,यह सरकारनिर्धारित करेगी।(2)लाइसेंस प्रणाली- बिना सरकारी अनुमति के कोई भी कंपनी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म नहीं चला सकेगी। (3)आयु सीमा-नाबालिगों (18 साल से कम) के लिए कई तरह की रोक लगाई जाएगी।(4) समय सीमा-गेम खेलने की अधिकतम समय सीमा तय होगी ताकि युवा पूरी रात ऑनलाइन गेम न खेलें। (5) वित्तीय नियंत्रण-ऑनलाइन गेम्स में निवेश और इन-ऐप परचेज पर कड़ा नियमन। साथियों बात अगर हम सरकार के साथ संदेश की करें तोसरकार ऑनलाइन गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं करना चाहती, बल्कि उसे विनियमित (रेगुलेट) करना चाहती है ताकि यह उद्योग भी चले और युवाओं की सेहत भी सुरक्षित रहे।समाज की ज़िम्मेदारी और नागरिकों की भूमिका,कानून अपनी जगह जरूरी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज और परिवार भी जागरूक हों। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें, शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाएँ, और युवाओं को भी समझना चाहिए कि जीवन केवल वर्चुअल गेम्स तक सीमित नहीं है।प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025’ भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल युवाओं को अंधेरे से बाहर निकालने का प्रयास है बल्कि यह संदेश भी है कि भारत सरकार नागरिकों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है।इस कानून से यह स्पष्ट है कि भारत केवल डिजिटल शक्ति बनने की दिशा में ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार डिजिटल समाज बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

# नगर पालिका प्रशासन रामपुर की जनता के साथ कर रहा है विश्वास घात : शैलेंद्र शर्मा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष श्री इमरान सलीम शम्सी के निवास एकता विहार कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक में व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों के अतिरिक्त एकता विहार कॉलोनी के दर्जनों निवासी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन रामपुर की जनता के साथ विश्वास घात कर रहा है उन्होंने कहा नगर पालिका के अध्यक्ष के चुनाव के समय नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में रामपुर की जनता से वायदा किया था कि वह जलकर एवं गृह कर को समाप्त करेंगे जिसके उलट उन्होंने जनता पर गृह कर एवं जलकर के नाम पर बहुत बड़ा बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा व्यापार मंडल द्वारा कर निर्धारण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद को अलग अलग समय पर दिए गए अलग अलग ज्ञापनों को रद्दी की टोकरी में डाल कर किसी भी प्रश्न का कोई भी उत्तर नहीं दे रहा है और गृह कर एवं जलकर के संबंध में कोई भी वार्ता करने को तैयार नहीं है ।यह बड़े दुख की बात है कि ऐसे मुद्दे पर जिसमें नगर की लगभग 75 000 संपत्तियों के लाखों लोगों पर मनचाहा और मनमाने ढंग से अन्याय पूर्ण तरीके से टैक्स लगाया जा रहा हो और उस पर कोई भी चर्चा नहीं करना बिल्कुल गलत है। व्यापार मंडल इस प्रकार मनमाने ढंग से कर लगाने का विरोध करता है जबकि व्यापार मंडल का कथन है कि टैक्स देने से इनकार नहीं गलत तरीका स्वीकार नहीं उन्होंने कहा नगर पालिका प्रशासन द्वारा जिस प्रकार नगर में ग्रह कर एवं जलकर के नोटिस बांटे जा रहे हैं उससे समाज में बेचैनी एवं भय का माहौल बना हुआ है ।व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन को फौरन हमारे ज्ञापनों और प्रश्नों के उत्तर देना चाहिए इस सम्बन्ध में हम अध्यक्ष नगर पालिका और जिला प्रशासन से भी अनुरोध करते हैं कि उक्त सम्बन्ध में अपनी उपस्थिति में नगर पालिका प्रशासन से वार्ता कराने का प्रबंध करें। इस संबंध में कल ही संगठन की कार्यसमिति की बैठक कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर घोषित की जायेगी।

# वी.एस.एम. एकेडमी नूरपुर की छात्रा का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर** : वी.एस.एम. एकेडमी नूरपुर की होनहार छात्रा वर्णिका पुत्री मुकेश कुमार मोहल्ला इस्लामनगर नूरपुर ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावक तथा क्षेत्रवासियों का मान बढ़ा है।

विद्यालय के प्रबंधक अशोक चौधरी एवं प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी ने छात्रा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है और आगे भी इसी दिशा में प्रयासरत रहेगा। छात्रा की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण है। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

# महिला प्रधान का शव फंदे पर लटका मिला, गांव में सनसनी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मेवानवादा की ग्राम प्रधान राहिल परवीन (35 वर्ष) पत्नी इशरत अली की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार सुबह उनका शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों के अनुसार, राहिल परवीन रात को बच्चों संग कमरे में सोई थीं। सुबह उनका बेटा स्कूल जाने के लिए उठा तो उसने मां को खिड़की से फंदे पर लटका देखा और रोते हुए पिता को बताया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और फोरेंसिक टीम ने नमूने इकट्ठा किए। ग्राम प्रधान पति इशरत अली ने बताया कि वह देर रात टूनामेंट देखकर लौटे थे और अलग कमरे में सो गए थे। सुबह बेटे से घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने पूछताछ के लिए इशरत अली को हिरासत में लिया है ।राहिल परवीन इशरत अली की दूसरी पत्नी थीं और उनके कोई संतान नहीं थी। वे पहली पत्नी से जन्मे चार बच्चों की परवरिश कर रही थीं। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। अभी पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# देवता महाविद्यालय मोरना में की गई बालिका एनसीसी कैडेट्स की भर्ती



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर में 9 अप बालिका वाहिनी एनसीसी मुरादाबाद द्वारा एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया की गई, जिसमें बीए. बीएससी. बीकॉम. के प्रथम वर्ष के लगभग 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया, भर्ती प्रक्रिया 5 चरणों में पूर्ण हुई जिसके पहले चरण में फॉर्म वेरीफिकेशन, दूसरे चरण में नापतोल, तीसरे चरण में फिजिकल फिटनेस, चौथे चरण में भाग दौड़ और पांचवें चरण में लिखित परीक्षा कराई गई। भर्ती प्रक्रिया 9 यूपी बटालियन मुरादाबाद से आए सूबेदार विकास कुमार, हवलदार चंद्रपाल चौहान एवं एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन (डॉ.) सुनीता देवी के निदेर्शानुसार संपन्न हुई। जिसमें डॉ. देवेंद्र कुमार डॉ. अशोक कुमार डॉ. अमित कुमार डॉ. सुमित्रा देवी डॉ. अजीत कुमार एवं सुशील कुमार, सीनियर कैडेट प्रियांशी शर्मा एवं मेघा यादव की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम की सफल आयोजन में महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ. सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

## जलालाबाद का नाम भगवान परशुराम पुरी किए जाने से ब्राह्मणों में खुशी की लहर

**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद**। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर इकाई की बुद्धि विहार में हुई बैठक में सरकार द्वारा भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली शाहजहांपुर के जलालाबाद का नामकरण परशुराम पुरी किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

ब्राह्मण समाज के मार्गदर्शक डॉ प्रदीप शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की पैरवी के बाद यह सरकार का उचित निर्णय है। ब्राह्मण समाज विगत लंबे समय से भगवान परशुराम जन्मस्थली का नाम परशुराम पुरी किए जाने की मांग उठा रहा था। ब्राह्मण समाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करता है महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि हम सरकार के निर्णय की सराहना करते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से यह आशा करते हैं कि परशुराम जी की जयंती शीघ्र ही सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करेंगे। इसके अतिरिक्त बैठक में आगामी 4 सितंबर को होने वाले शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। यह कार्यक्रम व्हाइट हाउस में प्रातः 11 बजे से होगा, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ब्राह्मण शिक्षकों एवं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा विमलेंद्र शर्मा, महानगर महामंत्री सुनील कुमार शर्मा, पूर्व महामंत्री राधेश्याम शर्मा अवधेश पाठक, मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 31 अगस्त को नरसिंह भगवान का मेला लगेगा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : नूरपुर के पास के गांव नाहरसिंह में नरसिंह भगवान का मेला 31 अगस्त को लगेगा। मंदिर पुजारी पंडित अवनीश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अगस्त 2025 को ग्राम नाहर सिंह में मेला लगेगा एवं प्रसाद चढ़ाया जाएगा। यह मेला भाद्रपद माह की अमावस्या के बाद दोएज के बाद आने वाले रविवार को मेला लगता है तथा प्रसाद चढ़ाया जाता है।

# विजन कैयर पैथालॉजी सेंटर का पालिकाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा**। बुधवार को नगर के मोहल्ला बरगद में विजन कैयर पैथालॉजी सेंटर का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पैथालॉजी सेंटर की पहल को सराहनीय कदम बताया और संचालकों से आग्रह किया कि वे रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं सुनिश्चित करें, ताकि नगर और आसपास के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सेंटर के संचालक डॉक्टर मोहम्मद आरिफ और डॉक्टर मोहम्मद आसिम ने बताया कि उनकी प्राथमिकता उचित कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उनका लक्ष्य है कि मरीजों को जांच के लिए नगर से बाहर न जाना पड़े। उन्होंने आधुनिक उपकरणों और अनुभवी टीम के साथ क्षेत्रवासियों की सेवा करने का संकल्प दोहराया। पालिकाध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम ने सेंटर की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल नगरवासियों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेंटर क्षेत्रवासियों की जरूरतों को पूरा करने में हमेशा तत्पर रहेगा। इस अवसर पर सभासद महमूद नायक, मतलूब मुन्ना सेठ, मोहम्मद शफीक, हाजी अमीर अहमद, नवील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# वीर खालसा सेवा समिति रामपुर में बनी सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर**। वीर खालसा सेवा समिति रामपुर में बनी सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में वीर खालसा सेवा समिति की एक नगर की मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें सर्व समिति से अवतार सिंह की अध्यक्षता में हुए सामाजिक कार्यों की जमकरप्रशंसा की गई नगर के सभी कार्यकताओं ने फूल मलाई पहनकर अवतार सिंह का स्वागत सभी ने साथ चलने समाज सेवा करने का संकल्प लिया वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा नगर की एक मीटिंग श्री गुरु सिंह सभा में हुई जिसमें नगर के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे वीर खालसा सेवा समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है वह गरीबों जरूरतमंदों की सेवा की जाती है सेवा आगे भी जारी रहेगी जरूरतमंद की मदद के लिए सेवा समिति बड़ी संस्था के रूप में आगे आई है अवतार सिंह ने कहा बहुत जल्दी एक जिले की मीटिंग बुलाई जाएगी और भी बहुत लोग समिति के अंदर आना चाहते हैं युवाओं को भी समिति के अंदर शामिल किया जाएगा और समिति का मकसद ही दीन दुखियों की सेवा करना है वीर खालसा सेवा समिति आगे बढ़कर सामाजिक कार्यकरेगी इस मौके पर नगर के सभी कार्यकर्ता सिंह नारायण सिंह सुरजीत सिंह अमनदीप सिंह मनिंदर सिंह राम सिंह गुलशन अरोड़ा सनी कपूर कुलजीत जुनेजा भवनीत सिंह मोहित बंगा कुमार सिंह बाजवा मनजीत सिंह गुरप्रीत सिंह हरप्रीत सिंह विक्रम बलविंदर सिंह बल्लू जोग सिंह सोनू हरजोत सिंह दीप मोनू सिंह बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला संगीत का किया गया आयोजन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर**। नगर पंचायत बिस्कोहर में आदर्श श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समिति के तरफ से आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के चौथे दिन मंगलवार रात को रस्तोगी शिव मंदिर के प्रांगण में महिला संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक कृष्ण भजन व सोहर गाकर जन्मोत्सव को शानदार बना दिया। इस मौके पर शालिनी गुप्ता, आरती गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, आकृति गुप्ता, मोहिनी गुप्ता, सितारा कौशल, चांदनी कौशल समेत कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुजीत ने बताया कि वृहस्पतिवार को दोपहर प्रसाद वितरण व शाम को भव्य जागरण का आयोजन किया गया है।

# टांडा में आयोजित सात दिवसीय रासलीला का हुआ भव्य समापन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा**। श्री सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में विश्वनाथ मढ़ी मंदिर में आयोजित रासलीला का अंतिम दिन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मथुरा-वृंदावन से आए ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने ₹कंस वध₹ और ₹सुदामा चरित्र₹ की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। रासलीला के मंच पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल-रूप से लेकर उनके पराक्रमी अवतार तक का जीवंत चित्रण किया गया। गोकुल से मथुरा पहुंचकर श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस के अत्याचारों का अंत करते हुए उसका वध किया। इस दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसके पश्चात, भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मित्रता की अमर गाथा ने सभी का मन मोह लिया। सुदामा अपनी दरिद्रता के साथ द्वारिका धाम पहुंचे, जहां श्रीकृष्ण ने उनका हृदय से स्वागत किया और उन्हें धन-धान्य से परिपूर्ण कर अपनी मित्रता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति, रंग-बिरंगे परिधान, और भक्ति भरे संगीत ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर इस अलौकिक अनुभव का आनंद लिया। इस अवसर पर इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा टांडा के सभापति रामस्वरूप सैनी, केवल राम सैनी, दयाराम सैनी, निलेश वर्मा और राम चरन सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के आह्वान और दिशा निर्देश पर एक मीटिंग का आयोजन रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खान के आवास पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुरादाबाद बरेली मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज जी ने की और संचालन प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खान ने किया। जिसमें बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार जी 24 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे ट्रेन से रामपुर पहुंचेंगे, रामपुर के पदाधिकारीयों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा, बाद में एक निजी होटल में रामपुर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होगा उसमें पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई जाएगी, वह उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जी मेरठ के लिए रवाना हो जाएंगे, वहीं उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारों पर जो सरकार और प्रशासनिक अफसर पुलिस के अफसर होते हैं उनका चोली और दामन का साथ होता है, हमें पूरी उम्मीद है रामपुर जिला प्रशासन पत्रकारों के साथ होगा जहां भी पत्रकारों पर अत्याचार जुल्म हो रहे हैं उन पर हम लोगों को लगाम लगानी होगी, क्योंकि प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री जी ने जो पत्रकारों को लेकर अहमियत और ताकत दि है वह काबिले तारीफ है, पुलिस प्रशासन के अफसरों को जो गाइडलाइन दी है उनकी बातों का पूरा पालन किया जाएगा, हम चाहते हैं हमारे रामपुर संगठन से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े, हमारे संगठन का मेन मुद्दा है कि किसी पर कहीं कोई जुल्म हो रहा है या ज्यादती हो रही है किसी के द्वारा किसी को धमकी दी जा रही है कोई गुंडागर्दी करता है उस पर हम लोगों का कर्तव्य बनता है कि हम उस पर निगाह रखें और पुलिस प्रशासन के लोगों को हर चीज से रूबरू कर अवगत कराये, वही संगठन के रामपुर संरक्षक मेराज अहमद निजामी ने आगे कहा कि हम 24 तारीख को एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम करने जा रहे हैं उसमें हम सब लोग सफल होंगे, आज हम लोगों ने बैठक करके आगे होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई है, वहीं आगे संगठन के संदीप शर्मा रामपुर उपाध्यक्ष ने बैठक का समापन करते हुए कहा कि मुझे हर्ष हो रहा है जिला अध्यक्ष जी ने बहुत अच्छी बैठक का आयोजन किया है मैं सभी लोगों का मन से अपने हृदय से आभार प्रकट करता हूं मुझे आशा है कि संगठन आगे जनहित के मुद्दों पर बात करेगा और कार्य करेगा, जो राष्ट्रीय स्तर से दिशा निर्देश होंगे उनका पूरा पालन किया जाएगा।

# शिष्टाचार मुलाकात में पत्रकारों ने बिभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर एसडीएम नितिन कुमार का ध्यान आकर्षित किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**जनपद बिजनौर नगीना।** नवागत एसडीएम से शिष्टाचार मुलाकात में पत्रकारों ने बिभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर एसडीएम नितिन कुमार का ध्यान अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर में हर समय पड़े रहने वाले दलाल प्रवृत्ति के लोगों की ओर दिलाकर जनहित में तहसील परिसर को दलालों से मुक्त कराने का सुझाव दिया जिससे आम आदमी को न्याय मिल सके एसडीएम नितिन कुमार द्वारा बुधवार को कार्यालय में बुलाई गई शिष्टाचार मुलाकात में पत्रकारों ने परिचय के उपरांत क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के अवैध खनन, दिल्ली और देहरादून हरिद्वार के लिए चल रहे डग्गामार वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही करने, नगर में बढ़ते अतिक्रमण से राहगीरो को हो रही परेशानियों को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलवाने, बढ़ापुर रायपुर क्षेत्र के ग्रामों में निवास करने वाले वंचित एसटी (बॉक्सा) जाति के लोगों की दबंग और बाहुबलियों द्वारा उनकी जमीनों पर अवैध कब्जे और बिना में कार लेने वालों की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने, तहसील में खतौनी अंश निर्धारण सही करने जैसे जनहित के मुद्दे उठाये तथा नवागत एसडीएम का ध्यान एसडीएम कार्यालय परिसर मे स्थित कार्यालयों में हर समय पड़े रहने वाले दलाल प्रवृत्ति के लोगों की ओर झोलाछाप पत्रकारों से एसडीएम परिषद मुक्त कराए जाने की की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि उनसे अधिकारी और पत्रकार दोनों बदनाम हो रहे हैं। नवागत एसडीएम नितिन कुमार ने पत्रकारों द्वारा उठाए गए सभी जनहित भरे सुझावों को गंभीरता सुना। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह सभी बिंदुओं को लेकर अपने अधिनिस्ट अधिकारियों की मीटिंग कर प्रभावी कार्रवाई कदेगें। यदि लगाया गया अधिकारी कर्मचारी कार्रवाई नहीं करेंगे तो वह स्वयं ही कार्रवाई करेंगे। एसडीएम नितिन कुमार ने कहा के मैं जहां जहां भी रहे हैं पत्रकारों का बराबर सम्मान किया है यहां रहकर भी वह पत्रकारों सम्मान करेंगे उन्होंने कहा कि सभी जनहित वाले बिंदुओं के समाधान कराने में मीडिया कर्मियों का सहयोग चाहिए क्योंकि मीडिया के बगैर किसी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। उन्होंने क्षेत्र वासियों को संदेश दिया कि वह अपनी हर समस्या लेकर वह सीधे संपर्क करें और उन्हें अपनी समस्या के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े और और उन्हें समय से न्याय मिल सके। क्योंकि उनके लिए पीड़ित को न्याय दिलाना और माफिया और दलालों पर अंकुश लगाए रखना पहली प्रार्थना होगी।

शिष्टाचार मुलाकात में प्रगतिशील पत्रकार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डा. रतेंद्र विश्नोई के अतिरिक्त धर्मेंद्र चौधरी ,मनोज बाल्मीकि , मुकेश त्यागी , अभय विश्नोई , अफसार सिद्दीकी, विकास अग्रवाल , राशिद उस्मानी के अतिरिक्त मनीष राणा, शहजाद अंसारी, मौ. ,यासीन , यासिर शम्शी , अंकुर कुमार ,नौशाद राय ,विकास शर्मा आदि पत्रकार मौजूद रहे ।

# किसानों ने अधिकारियों पर लगाया आरोप



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के विकास भवन में सीडीओ को अध्यक्षता में हुए किसान दिवस में भाकियू नेताओं ने किसान समस्याओं को उठाकर अधिकारियों पर किसान दिवस में आई समस्याओं को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया बुधवार को भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार सिंह, अंकित चौधरी, अभिषेक चांगियांन, इन्तजार मंसूरी, बेगराज सिंह, आदि नेताओं ने किसानों से संबंधित अनेक सड़कों के निर्माण, गांवों में बनी टंकी से पानी की सुचारू व्यवस्था न होने के बाद भी गांवों में खराब पड़े सरकारी हैंड पंपों को ठीक न कराने से ग्रामीणों की समस्याओं को उठाया, बिलाई मिल द्वारा किसानों का अरबों रुपए का बकाया गन्ना भुगतान न होने, शैडयूल के मुताबिक बिजली न मिलने और जगह जगह पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्याओं को उठाया। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी जगवीर तेवतिया, जिला गन्ना अधिकारी प्रभुनारायण सिंह, रेंजर महेश गौतम आदि अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** आजकल चोरों-बदमाशों, गेंगस्टरों व गेंगरेप करने वाले के हौसलें इतने बुलंद होते जा रहे हैं इनको ना तो कानून का कोई खौफ ओर ना ही जेल जाने का डर ऐसे बदमाश दिनदहाडे.सरेआम गोलीकांड कर किसी की भी जान ले लेते हैं ओर मासूमों संग हैवानियत कर फरार हो जाते हैं उसी क्रम में बुधवार को बुलन्दशहर जहांगीराबाद पुलिस ने लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले 3 शातिर लूटेरों को 12 हजार रुपए सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह ने बताया की आज चेकिंग के दौरान लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 शातिर लूटेरों को 12 हजार रुपए सहित गिरफ्तार कर लिया और इसके कब्जे से 12 हजार रुपए नकद, 3 अवैध तमंचे 315 बोर मय 3 जिंदा कारतूस 1 ओटो रिक्शा बरामद हुए है इनके नाम संजय पुत्र पप्पू गांव नंदपुर थाना जुनावई जिला संभल, दूसरा अजयपाल उर्फ उरमान पुत्र विजयपाल गांव बझांगी थाना जुनावई संभल व तीसरा अवधेश पुत्र कल्याण सिंह दंडवाडा जुनावाई संभल के रुप में हुई है और इन लोगों ने 4 अगस्त 25 की रात्री में एक ट्रिरी चालक के संग लूट की थी जिसका मुकदमा जहांगीराबाद थाना पर दर्ज था। ओर इनका अपराधिक इतिहास बहुत लंबा है।

# बीएचएनडी दिवस पर डीएम ने केंन्द्र का किया निरीक्षण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जिले के बांसी नगरपालिका के शास्त्री नगर आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को डीएम डॉ. राजा गणपति आर ने बीएचएनडी दिवस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में कई खामियां पाईं।

केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का एमसीपी कार्ड नहीं बनाया गया था। आशा डायरी में भी अनियमितताएं मिलीं। फील्ड में भ्रमण किए बिना ही रिकॉर्ड अपडेट किए जा रहे थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ने सैम/मैम बच्चों का रजिस्टर तो बनाया था। लेकिन बच्चों को दिए गए पोषाहार की मात्रा और समय का स्पष्ट विवरण नहीं मिला। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई थी। परंतु उनके टीकाकरण और नियमित परीक्षण की निगरानी नहीं हो रही थी। बीएचएनडी दिवस पर गोदभराई या अन्नप्राशन जैसी कोई गतिविधि भी नहीं की गई।जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर ने एएनएम और आशा कर्मियों से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# ऐतिहासिक होगा वैश्य महासम्मेलन: विनय अग्रवाल



**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** आगामी 31 अगस्त को नोएडा में होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन (एवीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल अपनी टीम के साथ जहांगीराबाद पहुंचे। जहां उनका बैंड बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभासद मनमोहन अग्रवाल की दुकान पर पहुंचे अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन नोएडा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिन गोयल व मुनीश गर्ग का जिला महामंत्री रोहित पहाड़ी और जिला सचिव शशांक सिंघल व जहांगीराबाद इकाई के संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, नगराध्यक्ष भारत गोयल व कोषाध्यक्ष राजेश बंसल ने फूल माला, पटका और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि यह समय है हम सभी के संगठित होने का।

# शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को डीआईओएस कार्यालय पर एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष राम विलास यादव के नेतृत्व में धरने में सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। मांगों के समर्थन में सभी ने एक साथ हुंकार भरी।

इसमें हृदय नारायण मिश्र ने कहा कि जब चुनौती होती है, तभी संघर्ष का जज्बा पैदा होता है। पुरानी पेंशन बहाली, सेवा सुरक्षा की धारा 21, 12 और 18 को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम में शामिल करने, तदर्थ शिक्षकों की बहाली, वित्त विहीन शिक्षकों को वेतन, निशुल्क चिकित्सा सुविधा, आठवां वेतन आयोग, स्थानांतरण सरलीकरण, सामूहिक जीवन बीमा योजना बहाली, विषय विशेषज्ञ साथियों को पुरानी पेंशन में शामिल करने, सीबीएसई के बराबर सुविधाएं और पारिश्रमिक आदि मांगें शामिल हैं। संघर्ष के साथ सभी शिक्षकों ने स्वयं को जोड़ते हुए समस्याओं के निदान तक संघर्ष जारी रखने पर सहमति जताई। धरने के समापन पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष राम निवास कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, संतोष कुमार दुबे, शैलेंद्र शर्मा, बैजनाथ चौरसिया, डॉ. धर्मेंद्र मिश्र, अरविंद चौधरी, राजेश चौधरी, संजय गुप्ता, हरेंद्र बहादुर सिंह, बैज नाथ चौरसिया मौजूद रहे।

# जहांगीराबाद हॉस्पिटल में 80 लोगों ने किया रक्तदान





**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** अहार रोड स्थित जहांगीराबाद हॉस्पिटल में बुलंदशहर चेरिटेबिल ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 80 लोगों ने अपनी स्वेच्छा अनुसार रक्त दान किया साथ ही जिसमें लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया गया। शिविर का शुभारंभ जहांगीराबाद हॉस्पिटल के संचालक डॉ. तरुण शर्मा व ब्लड बैंक की ओर से डॉ. विशाल त्यागी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को एक बार जीवन में जरूर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान के लिए सभी को आगे आना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। इसलिए उनके द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए लगातार जागरूक भी किया जा है। डॉ. विशाल त्यागी ने कहा की सभी लोगों को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। हमारे द्वारा लगातार हर नगर व गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, क्योंकि रक्त को मशीन से नहीं बनाया जा सकता, यह सिर्फ मानव शरीर से ही निकाला जा सकता है।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने बेसहारा 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का पित्त की थैली का ऑपरेशन कराकर चेहरे पर लौटाई मुस्कान

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़/पिलखुवा** पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक बेसहारा 80 वर्षीय विधवा बुजुर्ग महिला की पित्त की थैली का ऑपरेशन करा कर महिला के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया है।सीओ अनीता चौहान के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की जनपद में चहुंओर प्रशंसा हो रही है।आपको बता दें कि 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के पति ने करीब 40 वर्ष पूर्व ग्रहक्लेश के चलते अपने जीवन लीला समाप्त कर दी थी। उसके उपरांत महिला ने कठोर हिम्मत करते हुए दो बेटों का लालन-पालन किया। इसी दौरान पति की मृत्यु के कुछ समय बाद एक बेटे की सड़क दुर्घटना में एवं दूसरे बेटे की बीमारी के चलते मौत हो गई।दुखों का पहाड़ पीड़िता पर लगातार अपना बोझ बनाता रहा। यहां तक की महिला का आशियाना भी दांव पर लग चुका था।महिला के सगे संबंधियों ने भी महिला का साथ छोड़ दिया। अब बुजुर्ग 80 वर्षीय महिला काफी समय से पित्ते की थैली में पथरी होने की पीड़ा से जूझ रही थी। जिसको लेकर महिला ने एक अस्पताल में चेकअप कराए। तो ऑपरेशन करने को लेकर करीब 40 हजार का खर्चा बताया गया । जबकि महिला पैसे-पैसे से परेशान थी। उसके लिए इतनी बड़ी रकम इकट्ठा करना मिल का पत्थर साबित हो रहा था। और महिला अपने दुख को बयां करने सीओ पिलखुवा अनीता चौहान को तलाशती हुई उनके पास पहुंच गई। और अपना दुख सीओ साहिबा के सुनाया।जिसे सुनकर सीओ अनीता चौहान की आंखें भर आईं और दरिया दिली दिखाते हुए बेसहारा महिला को अपने पास बिठाकर खाने पीने की व्यवस्था करने के साथ स्थानीय अस्पताल से महिला की मदद कराकर महिला का ऑपरेशन फ्री कराया। महिला पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद कार्यालय पहुंचकर सीओ साहिबा का आभार व्यक्त किया। वहीं इस अवसर पर सीओ अनीता चौहान ने पीड़ित बेसहारा महिला को हर संभव मदद करने को लेकर आश्वस्त किया है। को अनीता चौहान के द्वारा बेशर्म महिला के चेहरे पर दोबारा से खुशी लौटाने पर जनपद में खाकी की चहुंओर और प्रशंसा हो रही है।

# बंजर भूमि के कब्जे पर गरजा बुलडोजर, मुक्त कराई गयी भूमि

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** नगरपालिका के सिंहेश्वरीपुरम वार्ड में बुधवार को अवैध कब्जे पर प्रशासन की बुलडोजर चला।

अधिकारियों और फोर्स की मौजूदगी में कब्जा मुक्त कराया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि गर दोबारा कब्जा मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर के सिंहेश्वरीपुरम रोमापार में एक गाटा जो सरकारी अभिलेख खतौनी में बंजर के खाते में दर्ज है। उस भूमि को शफीक की ओर से अवैध रूप से अतिक्रमण कर जल निगम (नगरीय) के अंतर्गत पानी की टंकी के निर्माण में अवरोध किया जा रहा था। मामले की शिकायत तहसील प्रशासन से हुई थी। बुधवार को प्रशासन की टीम ने विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सभासद राजाराम के साथ नायब तहसीलदार की मौजूदगी में नपाई की और बुलडोजर चलवाकर कब्जा मुक्त कराया। इसके बाद जल निगम नगरीय के एई के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने बंजर की भूमि से शफीक के कब्जे से मुक्त करा कर जल निगम के टंकी के निर्माण कार्य को शुरू कराया। तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव यादव के साथ जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी की टंकी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

# कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की जयंती

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर बुधवार को कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने आधुनिक भारत के निमार्ता व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती बबलू कुरैशी के अनूपशहर नगर स्थित आवास पर एकत्रित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए नगर में आमजन को फल वितरण किया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ उपाध्यक्ष सलाम खा व वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी ने राजीव गांधी को पंचायती राज गठन कर ग्रामीण अंचल में विकास पहुंचाने वाले युवाओं को वोट डालने की उम्र 21 से 18 वर्ष कर के युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने पंचायत में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर महिलाओं को सम्मान देने संचार क्रांति कंप्यूटर लाकर संचार क्रांति के निमार्ता के साथ-साथ आधुनिक भारत का निमार्ता बताते हुए उनके द्वारा किए गए भारत के शक्तिशाली राष्ट्र बनाने को साहसिक फसलों पर उन्हें सच्चा देशभक्त व महान नेता बताते हुए उनसे प्रेरणा लेते हुए कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत कर आज उनके सपने को साकार करने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लड़ी जा रही सामाजिक न्याय की लड़ाई में सहयोग कर उनके सपने को साकार करने का आह्वान करते हुए आमजन से पार्टी को जोड़ने आह्वान किया श्रद्धांजलि देने वालों में बबलू कुरैशी सभासद विशाल कुमार आसिफ खान कौशल शर्मा मोहन सरीन जीशान कुरैशी कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ उपाध्यक्ष सलाम खा राजेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य हेमंत शर्मा शिबू कुरैशी छुट्टन शौकीन मेवाती सहित दर्जन लोग सम्मिलित रहे।

# बरेली में मनाया गया विश्व मच्छर दिवस

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** हर साल की तरह इस साल भी बुधवार को विश्व मच्छर दिवस का आयोजन हुआ। इसको लेकर जिले के समस्त सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रो में कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि इस वर्ष इस दिवस की थीम है - ?एक अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना।? है। यह थीम मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए सभी को समान पहुंच प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है, विशेष रूप से वंचित और कमजोर समुदायों में। इस थीम के माध्यम से, न्यायसंगतता और पहुंच पर ध्यान केंद्रित करके, मलेरिया नियंत्रण में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसमें बेहतर टीके, मच्छर नियंत्रण के बेहतर तरीके और सार्वजनिक जागरूकता में वृद्धि शामिल है। मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू, फाइलेरिया जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से होती है। मच्छरजनित बीमारियों से बचाव और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि मच्छरों से बचने का उपाय है कि पूरी बांह के कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छररोधी रसायन का स्प्रे करें, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करें, जैसे घरों के आसपास पानी को इकठ्ठा न होने दें, यदि कहीं पानी भरा है तो उसमें जले हुए मोबिल आयल की कुछ बूंदें डाल दें, घर के दरवाजों और खिडकियों पर जाली लगवाएं, हर सप्ताह कूलर का पानी बदलें, उससे धोकर अच्छे से सुखाकर ही दोबारा उपयोग में लायें, गमलों की प्लेटें और फ्रिज की ट्रे को हर सप्ताह साफ करें। घर के कबाड़, पुराने बर्तन, टायर, नारियल के खोल जहाँ भी पानी के एकत्रित होने की सम्भावना है, वहां पर साफ सफाई करें या सामान बेकार है तो उसे फेंक दें। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 1221 मलेरिया केस आ चुके हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवतियों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षा-समझौता व्यक्तियों को मच्छर के काटने से बचना चाहिए और उनसे बचाव के उपाय अपनाने चाहिए। बुखार आने पर स्वयं कोई इलाज न करें, पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जाँच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाँच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। इसी क्रम सीबीगंज स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व मच्छर दिवस को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को जागरुक करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा मच्छरों से जनित बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी के साथ रामनगर ब्लॉक के ग्राम देवकोला में 5 मलेरिया केस आने के उपरांत वहाँ के तालाबों में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सुनील और जिले की टीम द्वारा गम्बूजिया मछली को डाली गयीं और जिले की टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के तरीके बताये गए। इस अवसर पर मण्डलीय एंटोमोगोजिस्ट अभिषेक कुमार, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक गुलशन कुमार, एम्बेड संस्था से दुर्गेश अग्रवाल, ए आर ओ, बीपीम, बीसीपीम, आशा मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने नोहझील के अड्डा फिरोजपुर बांगर का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील मांट के नौहझील क्षेत्रांतर्गत ग्राम अड्डा फिरोजपुर बंगार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गांव वालों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन आपके साथ खड़ा है और आप लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। माननीय विधायक मांट श्री राजेश चौधरी जी ने भी ग्राम वालों से वार्ता की और उनके अनुरोध पर गांव को जोड़ने वाली दो सड़कों की घोषणा की और कहा कि जल्दी ही सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी के आस-पास वाले गांवों में निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। जिलाधिकारी ने बैरियर एवं बैरीकेडिंग करने के निर्देश दिए तथा नियमित दूरी में चेतावनी के साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आम-जनमानस से वार्ता की, समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जलभराव के क्षेत्रों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही को क्षतिग्रस्त मकानों एवं जलभराव वाले खेतों का सर्वे ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सर्वे के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी को नियम अनुसार मुआवजा दिया जाए। कोई भी छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करे। सभी राहत कैंपों में 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाए।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीआईएसएफ बल सदस्य पुलिस पदक से सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 30 अधिकारियों एवं जवानों को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा पुलिस पदक प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। विशेष सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक से 3 अधिकारियों को सम्मानित किया गया है एवं सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से 23 अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित किया गया है। विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का असाधारण सेवा पदक से 3 अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। सराहनीय सेवाओं के लिए असाधारण सेवा पदक से 3 अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती कमाण्डेंट ने कहा है कि यह सम्मान पूरे बल के लिए गर्व का विषय है तथा इससे बल सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

# विश्व मच्छर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन, मच्छर जनित रोगों से बचाव पर जोर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मथुरा में मच्छरों से फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने व बचाव और नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अनुज यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी और मलेरिया इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व मच्छर दिवस प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मच्छरों से फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना साथ ही मच्छरों बचाव और नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करना है। मलेरिया अधिकारी बताया कि ने बताया कि बारिश आने से मौसम में बदलाव होता है। इस स्थिति में तापमान, वर्षा होने से जलवायु परिस्थितियां मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल हो जाती हैं। ऐसे में मच्छर जनित रोग जैसे- डेंगू, चिकनगुनियां इत?ादि बढ़ने लगते हैं। इससे बचाव के लिए इन मच्छरों को पनपने से रोकना जरूरी है। ऐसे में विभाग की ओर से जिला अस्पताल में दस बेड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो पर पांच-पांच बेड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित हैं। जिससे कि डेंगू के मरीजों को समय से उपचार दिया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने अध्यक्षता करते हुए समस्त कर्मियों से माइक्रोप्लान के क्षेत्र भ्रमण कर गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही गोष्ठी में विश्व मच्छर दिवस के आयोजन के विषय में और मच्छर जनित रोगों से बचाव और उपचार के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मच्छरों से बचाव हेतु जनता से अपील की कि वे पानी के बर्तनों को ढक कर रखें, सप्ताह में एक बार पानी के बर्तनों को खाली कर लें और मच्छरों से बचने के लिए मच्छर रोधी क्रीम, नीम का तेल, कडवा तेल का उपयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र/स्वास्थ्य कार्यकर्ता से खून की जांच करानी चाहिए और दवा नियमित और पूरी खानी चाहिए।

# लखीमपुर खीरी : संपत्ति मूल्यांकन सूची जारी, 28 अगस्त तक आमजन दे सकते हैं सुझाव-आपत्ति

मोहम्मद असलम

लखीमपुर खीरी 20 अगस्त। एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 व यथासंशोधित उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013 व उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2015 के अंतर्गत जनपद में पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची को प्रभावी किया जाना है, जिसका प्रस्तावित प्रारूप जनपद के समस्त उप निबंधक कार्यालयों व सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कार्यालय में अनुरक्षित है। उन्होंने बताया कि उक्त मूल्यांकन सूची के संबंध में समस्त जन सामान्य से अनुरोध है कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के संबंध में यदि आप कोई सुझाव / आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो दिनांक 28.08.2025 तक कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन/सहायकआयुक्त स्टाम्प लखीमपुर खीरी कक्ष संख्या 33 कलेक्ट्रेट परिसर लखीमपुर खीरी अथवा संबंधित उप निबंधक को लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यह सूची जनपद की जनता के हित से जुड़ी है, इसलिए अधिक से अधिक लोग अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज कराकर इसमें भागीदारी सुनिश्चित करें।

# वेतन भोगी समिति पहासू की मासिक बैठक हुई संपन्न



वेलकम इंडिया

**पहासू/बुधवार** प्राथमिक विद्यालय नगला खुशहाल में समिति अध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में वेतन भोगी ब्लॉक पहासू समिति की मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में सर्व समिति से निम्न निर्णय लिये गए  अन्य बैंकों के खाताधारक भी सोसायटी से लोन लेने के पात्र होंगे अन्य बैंको के खाते धारको से ऋण पर 1% ब्याज अधिक लगेगा बढ़ाई गई व्याज दरे 01सितंबर 2025 से सभी पर एक समान रूप से लागू होंगी एवम पूर्व में समिति से प्राप्त ऋण धारकों पर भी समान रूप से सभी पर लागू होंगी। मीटिंग के समापन पर अध्यक्ष एवं सचिव राजकुमार कौशिक के द्वारा समस्त समस्याओं का निस्तारण किया गया तथा सभी सदस्यों को अवगत कराया कि किसी भी सदस्य की कोई समस्या है तो वह सोसायटी ग्रुप के माध्यम से अवगत करा कर अपनी समस्या का समाधान ग्रुप के माध्यम से ही प्राप्त कर सकता है जिसके लिए सोसायटी तत्पर है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापक देवेंद्र चौधरी द्वारा सभी को स्वादिष्ट जलपान कराया गया तथा मीटिंग को आगामी माह के लिए स्थगित की गई मीटिंग का कोरम पूर्ण रहा। इस मौके पर महेश कुमार राज मीडिया प्रभारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एआई सुपरकॉप आईपीएस अंशिका वर्मा का हाईटेक ऐप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बरेली की जांबाज आईपीएस अधिकारी एआई सुपरकॉप अंशिका वर्मा ने यूपी पुलिस को एक ऐसा हाईटेक हथियार दिया है, जिसने क्राउड मैनेजमेंट, सुरक्षा, ट्रैफिक और ड्यूटी मॉनिटरिंग को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। डायनेमिक ड्यूटी मैनेजमेंट सिस्टम (डीडीएमएस) नाम का यह ऐप अंशिका वर्मा के निर्देशन में तैयार किया गया है। इसे पहली बार बरेली में होने वाले तीन दिवसीय आला हजरत के उर्स और गंगा महारानी शोभायात्रा में सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया। एआई ऐप पुलिस का नया ताकतवर हथियार बनकर उभरा है। एआई सुपरकॉप अंशिका वर्मा ने इस ऐप को लेकर बताया है कि सभी पुलिसकर्मियों को लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिया गया है। बाहर से आई पुलिस और पीएसी फोर्स के लिए भी अलग-अलग लॉगिन तैयार किए गए हैं। ड्यूटी प्वॉइंट तक जाने के लिए पुलिसकर्मी ऐप में मौजूद मैप नेविगेशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। जिससे उन्हें रास्ता भटकना नहीं होगा और वह सीधे ड्यूटी प्वाइंट पर आसानी से पहुंच सकेंगे। ड्यूटी कार्ड अब दफ कोड बेस्ड होगा, जिसमें प्रभारी और सहकर्मी की पूरी जानकारी मिलेगी। इस ऐप में डेटा फीड हो जायेगा। जिससे आने वाले आयोजनों में ऐप डेटा बेस की तरह काम करेगा। इससे एक क्लिक पर पता चलेगा कि कहां और कितना पुलिस फोर्स लगाया गया था। अंशिका वर्मा समेत एसपी स्तर के छह आईपीएस अधिकारियों को एआई सुपरकाप चुना गया है। उन्होंने बताया कि यूपी पुलिस में एआई के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव की तैयारी चल रही है। बेसिक पुलिसिंग के साथ एआई तकनीक का अनूठा और अभिनव प्रयोग यूपी पुलिस को और ताकतवर बनायेगा।

# बरेली में उमड़ा रजा के दीवानों का जनसैलाब, कुल की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स का हुआ समापन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेलवी का 107वां उर्स बुधवार को अकीदत के माहौल में मुकम्मल हो गया। इसमें शिरकत करने के लिए देश-विदेश से लाखों जायरीन पहुंचे। बुधवार दोपहर 2:38 बजे कुल की रस्म अदा की गई। इसी के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। इसके बाद जायरीन की वापसी का सिलसिला शुरू हुआ तो शहर में सड़कों पर जनसैलाब दिखा। पुलिस-प्रशासन ने एहतियात के तौर पर डायवर्जन लागू किया। एसएसपी अनुराग आर्य ने लोगों से अपील की है कि ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। शहर के बिहारीपुर सौदागरान स्थित दरगाह से लेकर उर्स स्थल इस्लामिया कॉलेज मैदान और आसपास का इलाका जायरीन से ठसाठस भरा रहा। इस बीच उर्स स्थल पर बने मंच पर कार्यक्रम चलते रहे। उर्स के कार्यक्रम दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा खां कादरी की सदारत में संपन्न हुए। निगरानी आसिफ मियां की रही। उर्स-ए-रजवी में दूर दराज से आए देश के जाने माने उलमा ने दीन और मसलक पर पैगाम दिया। वहीं सियासी और सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की। जैसे ही कुल की रस्म शुरू हुई और लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें गूंजने लगीं, जो जायरीन जहां था उसके कदम वहीं रुक गए। तेज धूप और गर्मी में पसीने से तरबतर लाखों लोगों ने दुआ के लिए हाथ उठाए।

# वित्तीय समावेशन को लेकर जिलाधिकारी ने ली विभिन्न बैंकों और सहकारी बैंकों की बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार की वित्तीय समावेशन की प्रमुख योजनाओं के संतृप्तिकरण अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक ली। उन्होंने वित्तीय समावेशन को लेकर एलडीएम को बैंक वाइज लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना में शामिल करने के साथ ही अभी तक की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए तय निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने हेतु अधिक प्रयास करने के साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।लीड बैंक अधिकारी शंकर सिंह दुग्ताल ने बताया कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में 30 सितम्बर, 2025 तक संतृप्तिकरण अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मौजूदा निष्क्रिय प्रधानमंत्री जनधन खातों की केवाईसी की जाएगी, नए जनधन खाते खोले जाएंगे, पात्र नागरिकों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, डायरेक्टर आरसेटी, प्रबंधक एसबीआई दिनेश कुमार सहित सभी राष्ट्रीय कृतं बैंकों केअलावा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रबंधक, और सहकारिता बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सग मिल एस सी एस टी एक्ट और रेप के फर्जी मुकदमे दर्ज कराने वाले वकील को उम्रकैद

विजय द्विवेदी वेलकम इंडिया



हर दिन कही न कही से खबर आती है कि किसी न किसी व्यक्ति पर एस सी एस टी एक्ट के  मुकदमे दर्ज कराए गये। शिकायत पर पुलिस भी समझ जाती है कि मामला झूठा है । लेकिन पुलिस न चाहकर भी मुकदमा दर्ज कर निर्दोष व्यक्ति को जेल भेजने को मजबूर होती है । वर्ष 2018 मे मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश पहले जाच फिर कार्यवाही को संसद मे एस सी एस टी एक्ट पर एक बिल लाकर कानून बना पलट दिया । मोदी सरकार ने पेश किए बिल मे जोडा कि एस सी एस अई एक्ट का कोई भी व्यक्ति यदि शिकायत करे तो विपक्षी को पहले गिरफ्तार करो जेल भेजो जाच बाद मे होती रहेगी । आज बार बार एस सी एस टी के मामलो मे देखा जा रहा है कि मामले फर्जी है । क्योंकि ये मामले ज्यादातर पैसो के लोभ जमीन पर कब्जा और मामुली विवाद मे लगाए गये पाए जा रहे है ।लेकिन? मोदी सरकार का वह बिल जो निर्दोष को जेल भेजता है साथ ही सौ निर्दोष छूट जाए लेकिन एक भी निर्दोष को सजा नही होनी चाहिए कि परिधारणा को समाप्त करता है। परिणामस्वरूप पुलिस सच जानकर भी निर्दोष को जेल भेज देती है । ससद मे मोदी सरकार के द्वारा पाएउत जराए गये उस एस सी एस टी एक्ट बिल का परिणाम आज सामने आया । जिसमे लखनऊ में रेप और रउ/रळ एक्ट के फर्जी मुकदमे दायर करना एक वकील को बहुत महंगा पड़ गया. कोर्ट ने फर्जी केस फाइल करने के मामले में वकील को दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. वकील पर 5.10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है. वकील का नाम परमानंद गुप्ता है. फिलहाल वह जेल में बंद है. गुप्ता पर आरोप था कि उसने दलित महिला की पहचान का गलत इस्तेमाल करके अपने विरोधियों के खिलाफ कई मुकदमे दायर किए थे, जो बाद में झूठे निकले. लखनऊ की रउ/रळ अदालत के विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मंगलवार 19 अगस्त को यह फैसला सुनाया. अदालत ने वकील परमानंद गुप्ता को साजिश रचने और कानून का दुरुपयोग करने का दोषी ठहराया. वकील ने ये फर्जी केस एक महिला के माध्यम से दायर किए थे. इन मुकदमों का इस्तेमाल परमेश्वर गुप्ता ने अपने विरोधी अरविंद यादव और उनके परिवार के खिलाफ किया था।

# ब्रह्मलीन स्वामी गोकुलानंद महाराज का त्रिदिवसीय तिरोभाव महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित श्री कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में चल रहा ब्रह्मलीन संत प्रवर स्वामी गोकुलानंद महाराज का त्रिदिवसीय तिरोभाव महोत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ।सर्वप्रथम संतों व भक्तों के द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी गोकुलानंद महाराज की प्रतिमा का श्रीहरिनाम संकीर्तन के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही उनकी महाआरती की गया।तत्पश्चात आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी जटा वाली मां ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन भगवद् प्राप्त संतों व भक्तों का भूमि है।यहां वही मनुष्य आ पाते हैं, जिन पर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा रानी की कृपा होती है।ब्रह्मलीन स्वामी गोकुलानंद महाराज भी श्रीकृष्ण और श्रीराधा रानी के परम-कृपापात्र थे।उन्होंने ब्रज में साधनारत रहकर कई बार प्रभु की लीलाओं का दर्शन किया था। चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानन्द गिरि महाराज व महामण्डलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि साधु-सन्त कोई साधारण मनुष्य नहीं अपितु स्वयं अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमात्मा के प्रतिनिधि होते हैं। सन्त ही हमें प्रभु की लीलाओं, उनके स्वरूप व अस्तित्व का आभास कराते हैं।इसीलिए हमें संतों की शरण में जाना चाहिए,जिससे हमारा कल्याण हो सके। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि स्वामी गोकुलानंद महाराज ब्रज की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने ईश्वर प्रदत्त आलौकिक शक्ति से अनेकानेक व्यक्तियों का कल्याण किया। इस अवसर महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ. सत्यानंद सरस्वती (अधिकारी गुरूजी), महामण्डलेश्वर स्वामी वेदानंद महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह भगौर, प्रमुख समाजसेवी देवीसिंह कुंतल, भागवताचार्य साध्वी आशानन्द शास्त्री, पवन गौतम, साध्वी पूर्णिमा साधिका, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी भुवनानंद महाराज, पप्पू सरदार, राजू शर्मा, रामप्रकाश सक्सेना, प्रेम मन्दिर के जनसंपर्क अधिकारी अजय त्रिपाठी, डॉ. विनय लक्ष्मी सक्सेना, बी.के. सूतल, पूनम उपाध्याय,साध्वी कमला नमिता साधिका, साध्वी कमला साधिका आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।महोत्सव का समापन महामण्डलेश्वरों, श्रीमहन्तों व महन्तों के सम्मान एवं संत,ब्रजवासी, वैष्णव सेवा और वृहद भंडारे के साथ हुआ।इससे साथ ही विश्व कल्याणार्थ चल रहा वृहद महायज्ञ भी पूर्ण हुआ।जिसमें देश-विदेश से आए समस्त भक्त-श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अपनी आहुतियां दीं।

# संत घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज का 90 वां त्रिदिवसीय जन्म महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)




**वृन्दावन।** मदनमोहन घेरा स्थित श्रीराधा केलि कुंज (निकट श्री सनातन गोस्वामी समाधि मंदिर) में चल रहा पूज्य संत घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज का 90 वां त्रिदिवसीय जन्म महोत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।उत्सव में ठाकुरजी द्वारा रचित पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।

इस अवसर पर पूज्य संत घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज के चित्रपट का संतों एवं भक्तों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात वृहद संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित हुआ।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीगोरीलाल कुंज के श्रीमहंत स्वामी किशोर दास देवजू महाराज ने कहा कि पूज्य घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज बालपन से ही ठाकुरश्री रासबिहारी सरकार की सेवा में संलग्न रहे, बाद में संत बालकृष्ण दास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ और वे श्रीधाम वृन्दावन में ही भगवद भक्ति में लीन हो गए। रासाचार्य स्वामी कुंजबिहारी शर्मा ने कहा कि पूज्य घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य निधि थे।सांसारिक व भौतिक जीवन से उन्हें कोई मोह नहीं था। संत सेवा व गुरु भक्ति ही उनके जीवन के अभिन्न अंग थे। ब्रज साहित्य सेवा मण्डल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि पूज्य घनश्याम दास ठाकुरजी महाराज ब्रज के प्रख्यात संत बालकृष्ण दास महाराज के अत्यन्त प्रिय व ठाकुरश्री रासबिहारी सरकार के अनन्य उपासक थे। महन्त किशोरी शरण भक्तमाली (मुखियाजी) ने कहा कि सन्त घनश्याम दास ठाकुरजी गीता वाटिका (गोरखपुर) के प्रख्यात संत राधा बाबा एवं प्रकांड विद्वान हनुमान प्रसाद पोद्दार (भाईजी) के भी विशेष कृपा पात्र थे।उनके द्वारा सैकड़ों पदों की रचना की गई।पूर्व में उनका स्मृति ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है।

# 2027 में फिर यूपी में होगी भाजपा सरकार- दारा सिंह चौहान

वेलकम इंडिया

जैदपुर (बाराबंकी) - जनपद के पूर्व प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कारागार कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का जैदपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अलीम राईन के आवास पर पहुंचे मंत्री का कार्यकताओं व समर्थकों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इससे पूर्व जैसे ही चौहान जैदपुर३ में प्रवेश किए, सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं व स्थानीय लोगों ने जगह-जगह फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और दारा सिंह चौहान ज़िंदाबादके नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। मीडिया से रूबरू होते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेरे लिए कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। अलीम राईन का उत्साहवर्धन करने के लिए मैंने अपने बिजी शिड्यूल से समय निकालकर जैदपुर पहुँचना जरूरी समझा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। हैदरगढ़ व महादेवा की दुखद घटनाओं पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीधे संज्ञान लेकर कठोर निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए राहत एवं मुआवजे की कार्यवाही भी तेजी से की जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार का काम बोल रहा है। जनता के लिए जो विकास कार्य हुए हैं, उनकी बदौलत 2027 में पुनः भारी बहुमत से भाजपा सरकार लौटकर आएगी। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अलीम राईन ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि कैबिनेट मंत्री हमारे बीच आए। उनका आगमन कार्यकताओं के हौसले को कई गुना बढ़ाने वाला है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुँचाएंगे। जैदपुर में मंत्री का यह दौरा न सिर्फ कार्यकताओं के लिए ऊर्जा लेकर आया बल्कि 2027 चुनावी समर से पहले भाजपा के मनोबल को भी मजबूती प्रदान करता दिखा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अध्यक्ष अर्जुन कश्यप, ओम निगम, रामविलास, संतोष पाठक, इस्लाम, विक्की पाठक, मोहम्मद अजीज, पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी अबू उमेर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# उपजिलाधिकारी के आश्वासन पर कई दिनों से अनवरत चल रहे धरना प्रदर्शन को किसानों ने किया समाप्त

वेलकम इंडिया



**रणविजय सिंह सिद्धौर बाराबंकी**

विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के मुर्तजीपुर गांव की सड़क निर्माण की मांग को लेकर कोपवा मोड पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का धरना चल रहा था।जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा के लखनऊ कूच करने की बात कही थी,कि 19 रात्रि को ही ट्रैक्टर ट्राली से किसान धरना स्थल पर एकत्रित होने लगे। जिसकी सूचना लगता ही प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। बुधवार को धरना प्रदर्शन उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर समाप्त हुआ।

कोपवा गांव के मोड़ के पास भाकियू अराजनीतिक बैनर तले है। जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा और जिला उपाध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मदपुर चंदी सिंह सुरेंद्र सिंह वर्मा ने किसानों को संबोधित किया था।उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण धरना देना पड़ रहा है। बुधवार को लखनऊ कूच करने से पहले उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नवाबगंज सौरभ श्रीवास्तव व लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियन्ता धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों के समक्ष सड़क गड्ढा मुक्त का कार्य चालू हो गया।बरसात खत्म होते ही इस मार्ग का निर्माण कार्य भी चालू किया कर दिया जाएगा।इस बात पर सभी किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता पदाधिकारी मान गए और धरना समाप्त हो गया।इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार वर्मा युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद सुनील सिंह जिला संगठन मंत्री उस्मान अली, चौधरी जमालुद्दीन कुंवर बहादुर सिंह सरदार अजय पटेल लल्लन राजेंद्र यादव, रावत मुकंदी लाल अभिषेक बाजपेई महेश रावत सचिन पांडे अंकित वर्मा आदिल खान महेश यादव भानु प्रताप विजय वर्मा मुलायम सिंह हनुमान यादव धर्मेंद्र सिंह वर्मा पंकज पटेल राकेश वर्मा हरिहर वर्मा सुशील कुमार सुरेंद्र अनिल वर्मा मनीष पटेल फूलचंद प्रेम प्रकाश भिखारी लाल राम मगन रावत निर्मल वर्मा रामदयाल रावत राजाराम सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानसिक मंदबुद्धि युवक के नाम बाइक फाइनेंस कराने का लगा आरोप

वेलकम इंडिया

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में एक मानसिक मंदबुद्धि युवक के नाम बाइक का फाइनेंस कराने का मामला सामने आया है।मानसिक मंदबुद्धि युवक की मां ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।शिकायत के बाद आरोपी देर रात पीड़िता के घर के बाहर बाइक खड़ी कर चला गया। थाना असन्द्रा क्षेत्र के पूरे पाठक मजरे धनौली खास गांव की रुकसाना पत्नी स्वर्गीय जुनेद ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद वह अपने 5 बच्चों का मेहनत मजदूरी करके किसी तरह से पालन पोषण कर रही है।पीड़िता के अनुसार उसका बड़ा पुत्र जावेद मंदबुद्धि का है। महिला का आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर पड़ोस के गांव पूरे मंशाराम दीवान मजरे गजपतिपुर निवासी महेश ने बीते 11 फरवरी 2025 को मेरे मंदबुद्धि और अशिक्षित पुत्र के नाम बाइक फाइनेंस करवा ली और स्वयं बाइक चलाने लगा। महिला के अनुसार बीते 16 अगस्त को उसे इस धोखधड़ी की जानकारी तब हुई ,जब फाइनेंस कंपनी द्वारा उसे किस्त न जमा करने की नोटिस दी गई। यह जानकार उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। वह नोटिस लेकर आरोपी महेश के पास पहुंची और अपने मंदबुद्धि पुत्र के नाम गाड़ी फाइनेंस करवाने का विरोध किया। आरोप है कि इससे गुस्साए विपक्षी महेश ने यह कहते हुए महिला को भगा दिया कि गाड़ी मैने खरीदी है और इस्तेमाल कर रहा हूं । जो करना है कर लो ।मंगलवार देर शाम को पीड़िता अपने मंदबुद्धि पुत्र जावेद को साथ लेकर थाने पहुंची और मामले की शिकायत की । पुलिस से शिकायत होने पर आरोपी देर रात पीड़िता के घर के बाहर बाइक खड़ी कर चला गया।इस संबंध में थाना प्रभारी असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है।

# डा०महेंद्र ने नीट पीजी में चयनित होकर बढ़ाया बेलहर क्षेत्र का सम्मान

वेलकम इंडिया



**मेहदावल (संतकबीरनगर)।** विकास खण्ड बेलहर कला के परासी गनवरिया गांव निवासी डा०महेंद्र कन्नौजिया ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई से एमबीबीएस करने के बाद अब नीट पीजी परीक्षा में भी अपना परचम लहराया है।महेंद्र को नीट पीजी में आल इंडिया जनरल रैंक 15000 प्राप्त हुई है।इस पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में जन्मे महेंद्र की इस सफलता से क्षेत्र का सम्मान बढ़ गया है।इसकी सूचना से परिजनों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों में हर्ष व्याप्त है।महेंद्र एक विशेषज्ञ चिकित्सक बनकर क्षेत्र की सेवा करना चाहते हैं।उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों सहित शुभचिंतकों को दिया है। भारतीय सेना के सेवानिवृत सूबेदार समाजसेवी दिलीप कुमार कन्नौजिया के पुत्र डा०महेंद्र कन्नौजिया की प्राथमिक से इंटर तक की शिक्षा सेंट थामस इंटर कालेज खलीलाबाद से हुई है।शुरू से ही मेधावी रहे महेंद्र ने एमबीएस की पढ़ाई उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई से पूरी किया है।शुरू से ही एमडी(मेडिसिन)करने की इच्छा रही है जो अब पूरी होने जा रही है।महेंद्र की माता सुमन देवी गांव के ही कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं।दादा रामदेव कन्नौजिया जूनियर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं।बड़े भाई डा० भानु कन्नौजिया ने बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर से एमबीएस किया है तथा वर्तमान में सीएचसी साउंघाट में चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।बहन उमा कन्नौजिया राजकीय मेडिकल कालेज हरदोई से एमबीबीएस कर रही है।डा०महेंद्र की इस सफल पर सांसद लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद, विधायक अनिल त्रिपाठी,विधायक अंकुर राज तिवारी,विधायक गणेश चौहान सहित शिक्षक कमालुद्दीन,ध्रुवचन्द कन्नौजिया,बबलू गुप्ता जितेंद्र चौधरी,सागर चौधरी मंडल अध्यक्ष, सोनू यादव, लक्ष्मी यादव, फिरोज अहमद प्रधान प्रतिनिधि,पंकज चौधरी, डॉ नवीन चौधरी सर्जन, डॉ प्रवीण चौधरी चाइल्ड स्पेशलिस्ट,दिग्विज यादव,विकास यादव, संदीप मौर्य,मयूर श्रीवास्तव,शिक्षक नीरज यादव, धीरेन्द्र प्रताप,डॉ अंजली,डॉ अर्चना चिकित्साधिकारी,नंदलाल कन्नौजिया राज कुमार,प्रमोद मौर्य,बिरजू यादव,किरन देवी, कृष्ण प्रताप आदि मौजूद रहे।

# मांझें की चपेट में आकर बाइक सवार की गर्दन कटी

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पतंग के मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बाइक सवार व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी संजीव अपनी पत्नी मानसी के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत जनपद के गांव माजरा से अपनी पत्नी को लेकर अपने गांव जा रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो गांव से उड़कर हाईवे पर मांझे सहित आई पतंग की चपेट में आकर घायल हो गए। पतंग के मांझें से बाइक सवार व्यक्ति की गर्दन कट गई। घायल दंपति की चीख-पुकार सुनकर मौके पर दर्जनों राहगीर इकट्ठा हो गए राहगीरों ने जानकारी 108 एंबुलेंस व 112 पुलिस को दी। मौके पर 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पहुंचकर घायल पति-पत्नी का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बाइक सवार व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

# अंतरराष्ट्रीय लेखक,पत्रकार डॉ. शंभू पंवार नेपाल में शार्क प्राइड अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** सार्थक और सटीक लेखनी के साथ सामाजिक सरोकारों को अपने लेखन का आधार बनाकर वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, ख्यातिनाम पत्रकार, लेखक, विचारक एवं धराधाम गवर्नर डॉ. शंभू पंवार को इस वर्ष ॠशार्क प्राइड अवॉर्ड 2025ॠ से सम्मानित किया जाएगा। डॉ.शंभू पंवार को यह सम्मान 24 अगस्त को नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुद्धिष्ट वर्ल्ड पीस फाउंडेशन द्वारा आयोजित शार्क प्राइड अवॉर्ड समारोह में समारोह के मुख्य अतिथि नेपाल के उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह,पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बुद्धिष्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष लामा गयाचों रिनपोछे ने बताया कि डॉ. पंवार को चार दशक से अधिक लंबे पत्रकारिता जीवन में उनकी सार्थक एवं सटीक लेखनी और सामाजिक सरोकारों से वैश्विक स्तर पर बनाई गई विशिष्ट पहचान के लिए इस सम्मान हेतु चुना गया है। राजस्थान के चिड़ावा कस्बे से अपने लेखन की शुरूआत करने वाले डॉ. शंभू पंवार ने राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर भी अपने नगर और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह द्वारा पी0एम0 कुसुम/सोलर पम्प एवं कृषि यंत्रों के संबंध में अवगत कराया गया कि निदेशालय से लक्ष्य अभी अप्राप्त है प्राप्त होते ही आनलाइन पोर्टल से बुकिंग शुरू हो जायेगी। श्री राम भरथ चौधरी ग्राम कालीजगदीशपुर के द्वारा लगभग एक एकड में लगाये गये ड्रेगेन फ्रुड प्राजाति-अमेरिकन ब्यूटी की जानकारी दी एवं उसकी पैदावर लागत एवं लाभ के बारे बताया। प्रगतिशील किसान श्री सुरेन्द्र राय ग्राम उमिला के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कम वर्षा होने के कारण सूखाग्रास्त घोषित किया जाय। किसान दिवस में विकासखंड सेमरियांवा के किसान श्री रामदास चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत नए किसानो का समय से लाभ न मिलने की शिकायत की गई। श्री विजेंद्र राय द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बैंक द्वारा निमित्त रूप से प्रीमियम की धनराशि काटी जा रही है जबकि बीमा हेतु इसको ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। नाथनगर के किसान द्वारा मांग की गई की सड़कों के किनारे सूखे पेड़ समय से कटवा लिए जाए जिससे किसी भी प्रकार का दुर्घटना न होने पाए। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है किसान अपनी धान की फसल में दूसरी टॉप ड्रेसिंग हेतु 25 किलोग्राम यूरिया प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। किसानों द्वारा कृषि विभाग अंतर्गत यंत्रों की बुकिंग हेतु एडवांस में जमा किए गए टोकन मनी वापसी की भी मांग की गई। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, नहर नलकूप, विद्युत, सहकारिता, भूमि संरक्षण अधिकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रांसजेंडर प्रतिभाओं की रैम्प-वॉक से गूंजा झाँसी का सभागार

वेलकम इंडिया



**झांसी!** किन्नर शक्ति फाउंडेशन, नाहर एंटरटेनमेंट के सहयोग से, दीनदयाल सभागार, झाँसी में रविवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान, पहचान और समान अधिकारों को समर्पित एक भव्य समावेशी सांस्कृतिक एवं फैशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय की प्रतिभाओं को मंच देना, सामाजिक स्वीकार्यता बढ़ाना और समान अवसरों का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थितियाँ कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पुष्पा माई (किन्नर अखाड़ा),महामंडलेश्वर पवित्रानन्द गिरी जी उज्जैन (किन्नर -जूना अखाड़ा) मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं और अपने आशीर्वचन दिए। विशेष उपस्थिति में किन्नर समुदाय की राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमा किन्नर (वाराणसी), जनपद आगरा ट्रांसजेंडर समिति की सदस्य राधिका बाई, मुमताज हाजी जी ,चांदनी नायक, काजल नायक, बल्ली नायक शामिल रहीं। उपस्थित अतिथियों ने ट्रांसजेंडर समुदाय के सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर रेखांकित करते हुए समाज से सकारात्मक सहयोग का आह्वान किया। रैम्प-वॉक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का आकर्षण ट्रांसजेंडर मॉडलों का रैम्प-वॉक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं, जिनमें देश के कई शहरों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रमुख प्रतिभागियों में– अंजली कंसल, मुस्कान, अर्जु (ग्वालियर), हर्षि (लखनऊ) रोहिणी जी. कांबले (अमरावती, महाराष्ट्र), रिंकी (ग्वालियर) काव्या किन्नर, डिंपल किन्नर, नैना महंत, शिवान्या हीर का उल्लेखनीय योगदान रहा। मंच संचालन के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी जीवन-यात्रा और संघर्ष की कहानियाँ साझा कीं, जिन्हें दर्शकों ने लंबे समय तक तालियों से सराहा।

# सांसद ने उठाई ईएसआई अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। सांसद ने मोदीनगर के ईएसआई अस्पताल को ईएसआईसी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रामा सेंटर बनाए जाने कि मांग की। जोकि केंद्रीय निगम द्वारा संचालित हो। केंद्रीय मंत्री ने इसको लेकर सकारात्मक जवाब दिया है। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री डॉ० मनसुख मांडविया को बताया कि ईएसआईएस अस्पताल, मोदीनगर एक समय फ्लैगशिप अस्पताल हुआ करता था। किन्तु राज्य सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। जिससे इसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे कि विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, लैबोरेटरी सुविधाएं, रेडियोलॉजी की सुविधाएं, दवाईयों के साथ साथ बिल्डिंग के रख-रखाव में निरंतर कमी आती रही। जिससे आम जन के साथ-साथ बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों का ईएसआई के प्रति भरोसा उठ गया। बीमित व्यक्तियों एवं फैक्ट्री संचालकों, संस्थानों को ईएसआई से होने वाले सभी प्रकार के हितलाभ व सामाजिक सुरक्षा का प्रचार प्रसार मोदीनगर सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नहीं हुआ। ईएसआई द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक हितलाभ का दूरस्थ कार्यालय होना एवं देरी से मिलने की स्थिति में बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को राजधानी दिल्ली करीब होने के कारण स्वास्थ्य हित एवं जीवन रक्षा हेतु पलायन करना पड़ा। इसके अलावा ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर में सुविधाओं के अभाव के कारण, सारे मरीजों को पैनल के निजी प्राइवेट अस्पतालों में रेफर किया जाता है एवं रेफरल के माध्यम से प्राइवेट अस्पताल मोटी कमाई करते हैं। उक्त सभी वजहों से ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीमित व्यक्तियों में कमी आयी है। अतः आपसे अनुरोध है कि इस मोदीनगर के इस अस्पताल को ईएसआईसी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटर में तब्दील किया जाना, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में दिए जाने वाला आर्थिक सहयोग की धनराशि का उपयोग कर 50 प्रतिशत आम-जन एवं 50 प्रतिशत बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चौबिसों घंटे गंभीर देखभाल, सभी आपातकालीन सर्जरी व सभी सम्बंधित जांचें होने वाले अस्पताल का निर्माण निश्चय ही बहुत ही दूरगामी परिणाम देने वाले एवं मील का पत्थर साबित होने वाला कदम होगा। साथ ही इसके संचालन में ई० एस० आई० सी० को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। मैं इस पत्र को देकर पूर्णतया आशान्वित हूं कि आप जैसे गतिशील नेतृत्व व उदारवादी व्यक्तित्व होने के कारण उक्त विषय पर न्यायोचित कदम उठाएंगे।

# आधुनिक युग के निमार्ता थे राजीव गांधी - अय्युब कुरैशी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस के सचिव अय्युब कुरैशी ने दिल्ली राजघाट जाकर कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला सचिव अय्युब कुरैशी ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने सूचना क्रांति, संचार क्रांति और युवाओं को राजनीति से जोड़ने का जो कार्य किया, वह देश के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला सचिव अय्युब कुरैशी ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। उनके कार्यकाल में कंप्यूटर क्रांति और टेलीकॉम क्षेत्र में बड़े सुधार हुए, जिनका लाभ आज पूरा देश उठा रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का सपना था कि भारत दुनिया की महाशक्ति बने और आमजन तक तकनीक पहुंचे। वे हमेशा युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में आगे लाने के पक्षधर रहे। उनके विजन और नीतियों की वजह से आज भारत डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर वरिष्ट कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली स्थित राजपाट जाकर भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारा, एकता व विकास की राह पर कार्य करने का संकल्प लिया।

# प्रयागराज बास्केटबॉल स्लैमफेस्ट सीजन-1, 2025 का हुआ समापन



वेलकम इंडिया

अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स क्लब (म्योहाल) में चल रहे प्रयागराज बास्केटबॉल टूनार्मेंट 2025 का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों एवम दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस शुभावसर पर अग्रवाल समाज के महामंत्री श्री अभिषेक मित्तल बतौर मुख्य अतिथि एवम अग्रवाल युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री अभिनव अग्रवाल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। टीम म्योहाल- ए ने फाइनल मैच में टीम डी.एस.ए. प्रयागराज को 58/75 से हराकर गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया। श्री अभिषेक मित्तल जी ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्री आर.एस.बेदी एवम आयोजको को बधाई दी एवम स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। श्री अभिनव अग्रवाल जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, एकता और संघर्षशीलता की भावना का निर्माण करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आयोजक श्री सिद्धांत कलावती, प्रेम कुमार, शील ओझा, सुनील विश्वकर्मा, विपिन खत्री, आयुषी केसरवानी, आलेख कुमार, हिमांशु पटेल, आदि उपस्थित रहे।

# छाया पब्लिक स्कूल को मिला महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आशीर्वाद

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान रखने वाला देश के नामचीन स्कूलों में से एक छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती कुसुम द्विवेदी प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी व विद्यालय के होनहार बच्चों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, वृक्षारोपण व पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयो पर संक्षिप्त चर्चा हुई। महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने व सभी लोगों को पर्यावरण व वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया और विद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। छाया पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि को गणमान्य लोगों ने क्षेत्र के लिए बड़ा सम्मान बताया सांसद डॉ राजकुमार सागवान, विधायक डॉ मंजू सिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सिंह, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह आदि गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि के लिए छाया स्कूल परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी।

# झगड़े में गिरी सोने की चेन लौटाई, किठौर पुलिस बनी भरोसे की मिसाल



जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया

**मेरठ।** किठौर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडे और शाहजहांपुर पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र गौतम और उनकी टीम ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। मामला उस समय सामने आया जब शाहजहांपुर निवासी नंदू पुत्र राजू का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। झगड़े में दो पक्ष आपस में भिड़ गए, इसी दौरान राजू की गले की सोने की चेन टूटकर मौके पर गिर गई। चौकी इंचार्ज की टीम ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए घटनास्थल की जांच की और गिरी हुई सोने की चेन बरामद कर ली। बाद में पुलिस ने पूरी ईमानदारी के साथ चेन उसके असली हकदार नंदू को वापस सौंप दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना की और कहा कि पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि वह केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की हिफाजत के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

# सरकारी अस्पताल में उमड़ी सैकड़ो मरीजों की भीड़




वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर एवं क्षेत्र में बुखार सहित कई तरह की बीमारियों ने अपने पैर पसार रखे हैं सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भरकम भीड़ दिखाई दी सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीजों को दवाई वितरित करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी। मौसम लगातार करवट बदल रहा है कभी धूप तो कभी बरसात रात को ठंड को जाने के कारण कई तरह की बीमारियों ने नगर एवं क्षेत्र में अपने पैर पसार रखे हैं। बुधवार को नगर के सरकारी अस्पताल में कई तरह की बीमारियों के मरीजों की भीड़ दिखाई दी। अस्पताल की ओपीडी पर महिला, पुरुष व बच्चों की लंबी लाइन लग गई। मरीजों में ज्यादातर बुखार, खाज, खुजली, उल्टी दस्त, सहित आदि बीमारियों के मरीज दिखाई दिए। अस्पताल में भारी भरकम भीड़ उमड़ जाने के कारण डॉक्टरों के हाथ पांव फूल गए, चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई वितरित की और बरसात के मौसम में कई तरह की सावधानी बरतने की सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया की बरसात के मौसम में संचारी रोग बढ़ जाते हैं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया हुआ है लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। अस्पताल पर आने वाले मरीजों की जांच कर दवाई वितरित की जा रही है अस्पताल पर दवाइयों का पूर्ण भंडारण उपलब्ध है।

# विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित भाकियू भानु गुट ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** भाकियू भानु गुट के जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी के में बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जिले के किसानों की कुल 5 विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।जिसमे कहा गया है कि किसानों की समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो संगठन जल्द ही बृहद आंदोलन करने को बाध्य होगा ।जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

भाकियू भानु गुट के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ने कहा कि खलीलाबाद विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम भइसहियां में पुर्व प्रधान के घर से दुर्गा प्रसाद के घर तक अंडर पास नाली का निर्माण करने के साथ ही रास्ते के अतिक्रमण को हटवाया जाये ।साथ ही ग्राम सभा में एक महीने से सफाई कर्मी नहीं आने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।शासन द्वारा लगवाये जारहे स्मार्ट मीटर में खामियों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रो में इसे न लगाया जाये ।जिस उपभोक्ताओं के 400से500रुपये तक बकाया बिल है उसके कनेक्शन काट दिये जारहे हैं जो गलत है।

पुनः जोड़वाने पर कर्मचारियों के द्वारा धन उगाही की जाती है ।मगहर में लगे स्मार्ट मीटर के साथ40मीटर केबिल टार मिलता है।

# प्रधानमंत्री को साधुवाद !

वेलकम इंडिया



समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से ऑनलाइन गेमिंग ऐप और इसको प्रमोट करते सेलिब्रिटीज के विज्ञापनोंर पर आलेख एवं पत्र के द्वारा 14 अप्रैल 2025 को रोक लगाने की मांग की थी। राष्ट्रपति महोदया को भी पत्र लिखा था। आप सभी के आशीर्वाद से हमारी कोशिश कामयाब हुई।

केंद्र सरकार ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए संज्ञान लिया और आज ऑनलाइन गेमिंग बेटिंग ऐप्स और ऐसे तमाम ऐप्स जिनके द्वारा ऑनलाइन गेमिंग जुए की लत युवा पीढ़ी में डाली जा रही है, के खिलाफ लोकसभा में बिल प्रस्तुत कर दिया। अब इस तरह के ऐप्स को तत्काल बैन किया जाएगा और ऑनलाइन गेमिंग को प्रमोट करने वाले व प्रमोट करना भी दंडनीय अपराध होगा। स्वागत योग्य एवं सराहनीय निर्णय। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद! डॉ. जितेन्द्र बच्चन, राष्ट्रीयअध्यक्ष समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया

# मजदूरी के रुपए मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक युवक ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर मजदूरी के रुपए मांगने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी अरशद ने बताया की उसने मोहल्ले के एक व्यक्ति के यहां पर मजदूरी का कार्य किया था। पीड़ित के दस हजार रुपए बकाया है लगातार पीड़ित अपने रूपयों की मांग कर रहा है। आरोप है कि विगत मंगलवार की शाम को पीड़ित अपने रुपए लेने के लिए गया था आरोपी रुपये मांगने पर आग बबूला हो गया और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। शौर शराबा होने आसपास के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित परिजनों ने घायल को को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** न्यू फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन मोदीनगर रजिस्टर्ड के तत्वाधान में विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम स्थानीय होटल में बड़े ही भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मोदीनगर ही नहीं मोदीनगर के आसपास के क्षेत्र से मेरठ हापुर पिलखवा साहिबाबाद गाजियाबाद दिल्ली रोहतक आदि नगरों से भी बड़ी संख्या में फोटोग्राफर पधारे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और कैमरे के समक्ष द्वीप प्रचलन करके किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी संजीव ढल रहे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल मोदीनगर कोतवाली प्रभारी नरेश कुमार नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण त्यागी एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर रघुवीर सिंह रहे। इस कार्यक्रम में सभी फोटोग्राफरों को उनके सदस्यता प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने बताया कि फोटोग्राफी केवल एक व्यवसाय नहीं है, बल्कि फोटोग्राफी मनुष्य जीवन का एक वह अहम हिस्सा है जो व्यक्ति की यादों को पुनः उसके सामने रखती है ।फोटोग्राफी का हमारे दैनिक जीवन में एक विशेष स्थान है और फोटोग्राफी के क्षेत्र में काम कर रहे सभी फोटोग्राफरों का मनोबल बढ़ाया मुख्य अतिथि संजीव डाल ने फोटोग्राफी के महत्व को बताते हुए फोटोग्राफी के स्तर को ऊंचा उठने के लिए भी सभी फोटोग्राफरों से अपने योगदान देने का आग्रह किया एवं भविष्य में होने वाले फोटोग्राफी के क्षेत्र में बदलाव के लिए भी फोटोग्राफरों को प्रेरित किया। बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष ने सभी फोटोग्राफरों को फोटोग्राफी दिवस की बधाई दी एवं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने की बात कही कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित गोयल ने की एवं कार्यक्रम का संचालन अंकित शर्मा एवं पवन देव ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर मुख्य रूप से न्यू फोटोग्राफर एसोसिएशन के वीरेंद्र शर्मा विजय गर्ग पवन देव गजेंद्र ठाकुर सचिन सेन रिंकू निम राहुल शर्मा सुनील त्यागी सुनील छाबड़ा राजकुमार अग्रवाल रजनीश शर्मा प्रवीण शर्मा सुशील सोनी लोकेश निवाड़ी बलबीर मेहता शंकर कुमार दीपक ऑक्सफोर्ड मिथुन कुमार अजय बुढ़ाना आदि मौजूद रहे।

# दुधारा चौराहे पर आमिर कुर्ता महल दुकान का भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावां के जातेडिहा दुबौलिया निवासी मोहम्मद आमिर खान की आमिर कुर्ता महल का औपचारिक उद्घाटन बुद्धवार को दुधारा चौराहे पर हुआ। उद्घाटन समारोह की विशेष नमाज जमीयत उलेमा-ए-सुन्नत कबीर नगर के महासचिव हजरत मौलाना माशूक अहमद साहब मजाहेरी ने पढ़ाई। यह दुकान मुफ्ती लाल, रेमंड, अरविंद जैसे उच्च गुणवत्ता वाले ब्रांडेड कपड़े, कंपनी के कुर्ता और पायजामा और जमजुम शोजा, सनाया परफ्यूम, गाजी, अजीम, टोपी इहराम, रुमाल, मिसवाक, सदरी, मुसली आदि जैसे उच्च गुणवत्ता वाले इत्र प्रदान करती है। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. अख्तर हुसैन खां कासमी, मुफ्ती मुजाहिदीन अल-गजाली हज उमरा टूर, असद बस्तवी, कारी मेहबूब आलम थे।

हकीम असद अलीग, मास्टर मुनीर अहमद, वसी अहमद, नजीर अहमद, खालिक-उर-रहमान, मुहम्मद इब्राहिम कासमी, अख्तर हुसैन, हाफिज तौफीक अहमद साहब, मुहम्मद परवेज अख्तर, मौलाना ओबैद-उर-रहमान खान मोजाहिरी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फर्जी निस्तारण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई में बुधवार को भी बड़ी संख्या में प्रार्थी पहुंचे। जनसुनवाई का यह क्रम अब जिले में एक जन-आस्था का मंच बनता जा रहा है, जहां हर वर्ग का व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आ रहा है और जिलाधिकारी स्वयं उसे सुन रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों से यह देखा जा रहा है कि जनसुनवाई में आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि जनता को प्रशासन पर भरोसा है और लोग अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान इसी माध्यम से चाहते हैं। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत का फर्जी निस्तारण हरगिज न किया जाए। शिकायतों का समाधान केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीनी हकीकत में दिखाई देना चाहिए। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण जरूरी है, वहां अधिकारी खुद मौके पर जाएं और शिकायत का न्यायपूर्ण समाधान करें। शिकायत निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अगर उसे संतुष्टि नहीं मिलती, तो निस्तारण का कोई मतलब नहीं। हमारी प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति को न्याय मिले। बारिश और यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रबंधन को लेकर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जिले में बाढ़ का कोई खतरा नहीं है, लेकिन यदि भविष्य में कोई स्थिति बनती है तो प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लालकुआं पुल के नीचे होने वाले जलभराव और नेशनल हाईवे से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान कराया जाए। इस मामले में उन्होंने एनएचएआई व नगर निगम अधिकारियों से सीधे वार्ता करने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान हिण्डन नदी की स्वच्छता और सुंदरता पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े स्तर पर कार्यवाही होना जरूरी है।

# ड्रोन सर्वे से होगी टाउनशिप की हकीकत की जांच

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उन बिल्डरों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने जा रहा है जिन्होंने हाईटेक और इंटीग्रेटेड टाउनशिप की डीपीआर मंजूर कराते समय तो एलआईजी (लो इनकम ग्रुप) और ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) भवनों के निर्माण का वादा किया, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू तक नहीं किया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सभी जोनल अधिकारियों को जांच तेज करने के निर्देश दिए हैं। आदेश है कि जिन बिल्डरों ने नियमों की अनदेखी की है, उनकी बैंक गारंटी जब्त की जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में हुई बैठक में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कई बिल्डरों ने ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों का निर्माण शुरू ही नहीं किया है, जबकि कुछ प्रोजेक्ट्स में निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी है। यह स्थिति नियमों और मंजूरी की शर्तों का सीधा उल्लंघन है। उपाध्यक्ष के निर्देश पर जीडीए ने अब टाउनशिप की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए ड्रोन सर्वे की शुरूआत कर दी है। जोन-5 के तहत एसएमबी समूह की शौर्यपुरम योजना में सर्वे शुरू कर दिया गया है। ड्रोन सर्वे से साफ हो जाएगा कि बिल्डरों ने डीपीआर में जिन विकास कार्यों का वादा किया था, वे कितने पूरे हुए हैं और कितने अधूरे हैं। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। न केवल उनकी बैंक गारंटी जब्त होगी, बल्कि आगे के प्रोजेक्ट मंजूरी पर भी रोक लग सकती है।

# मोदीनगर में पैठ बाजार हटाने पर बवाल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** विशोखर रोड पर पैठ हटाने के विरोध में बुधवार को हालात बिगड़ गए। सैकड़ों महिलाएं गुस्से में सड़क पर उतरीं और एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचकर नारेबाजी करने लगीं। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया।

उनका कहना है कि पिछले 50 वर्षों से यहां पर 400 से अधिक दुकानदार रोजी-रोटी कमा रहे हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद की अचानक हुई कार्रवाई से उनका भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। नगर पालिका परिषद का कहना है कि सड़क के दोनों ओर दुकानें लगने से आवाजाही में दिक्कत आती है। एक महिला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नगर पालिका ने दुकानदारों को सड़क के केवल एक ओर ही दुकान लगाने का आदेश दिया है। अधिकारियों का तर्क है कि यह इलाका नो वेंडर जोन में आता है, यहां दुकानों की वजह से ट्रैफिक जाम और राहगीरों को परेशानी होती है। धरना दे रही महिलाओं ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि यह कार्रवाई सुनियोजित साजिश है। सभासद और अधिकारी आपस में मिलीभगत कर सैकड़ों परिवारों की आजीविका छीनना चाहते हैं। महिलाएं बोलीं कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, वे धरना स्थल से नहीं हटेंगी। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम अजीत सिंह ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि नगर पालिका अधिकारियों से संवाद जारी है और जल्द ही रास्ता निकलेगा। वहीं, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने साफ कहा कि दुकानदार नो वेंडर जोन में बैठते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और स्थानीय लोग परेशान होते हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस पैठ में पीढियों से उनका व्यवसाय चलता आ रहा है। अगर पैठ हटी तो 400 से अधिक परिवार बेरोजगार हो जाएंगे।

# बढ़े हाउस टैक्स का मुद्दा विधान परिषद तक पहुँचा, पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने एमएलसी का फूल देकर किया धन्यवाद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा वसूले जा रहे बढ़े हाउस टैक्स का मुद्दा अब विधान परिषद तक पहुँच गया है। जनता के हित में इस विषय को सदन में उठाने पर बुधवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने एमएलसी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त किया और उन्हें फूल भेंटकर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पार्षदों ने कहा कि जिस तरह से नगर निगम प्रशासन ने बोर्ड बैठक के निर्णय को नजरअंदाज कर लगातार जनता से बढ़ी दरों पर हाउस टैक्स वसूलना शुरू कर दिया है, वह सरासर अन्याय है और जनता की जेब पर सीधा बोझ है। बोर्ड बैठक में पहले ही इस वृद्धि को निरस्त कर दिया गया था, इसके बावजूद नगर निगम ने अपने स्तर पर पुराने आदेश को लागू नहीं किया। इस फैसले के खिलाफ पार्षद लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। यहां तक कि निगम मुख्यालय पर तीन दिन और दो रात लगातार धरना देकर बोर्ड बैठक के मिनट्स की मांग भी की गई, लेकिन निगम अधिकारियों की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम से पार्षदों और जनता दोनों में गहरी नाराजगी है। ऐसे हालात में एमएलसी दिनेश गोयल ने आगे आकर जनता की आवाज को विधान परिषद में उठाया है। उनके इस कदम से न केवल पार्षदों बल्कि पूरे नगर में नई उम्मीद जगी है। पार्षदों ने कहा कि अब जब यह मामला विधान परिषद तक पहुँच गया है तो निश्चित ही जनता को न्याय मिलेगा और नगर निगम को अपनी मनमानी बंद करनी पड़ेगी। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में बड़ी संख्या में पार्षद मौजूद रहे। बैठक में पार्षद नीरज गोयल, अजीत निगम, देव नारायण, ओम प्रकाश ओढ़, कन्हैया लाल, संतोष सिंह राणा, पवित्रा देवी, सुधीर कुमार, नितिन कुमार, शिवम शर्मा, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी, पार्षद पति डॉ. पवन गौतम और गौरव सौलंकी समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने मिलकर एमएलसी दिनेश गोयल को धन्यवाद दिया और यह भरोसा जताया कि उनकी लड़ाई में अब विधान परिषद का साथ मिल गया है। पार्षदों का कहना था कि जनता ने पहले ही बढ़े हाउस टैक्स को पूरी तरह खारिज कर दिया था और बोर्ड बैठक का निर्णय भी जनता के पक्ष में गया था। इसके बाद भी निगम द्वारा मनमानी तरीके से वसूली करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। अब जबकि यह विषय सदन में गूंज चुका है तो उम्मीद है कि सरकार और उच्च स्तर पर इस मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा और जनता को राहत दिलाई जाएगी। गाजियाबाद में हाउस टैक्स का विवाद लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है।

## गुलमोहर एंक्लेव सबस्टेशन पर फॉल्ट, ट्रांसफार्मर खराब निकला कारण

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग के ब्लॉक में मंगलवार को बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सुबह दस बजे गुल हुई बिजली रात चार बजे तक भी बहाल नहीं हुई, जिससे स्थानीय निवासी बेहाल हो गए। उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने जब कारण जानने की कोशिश की तो बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने समस्या सुलझाने के बजाय अभद्रता कर आग में घी डालने का काम किया। स्थानीय निवासियों के अनुसार गुलमोहर एंक्लेव सबस्टेशन पर जाकर जानकारी ली गई तो कर्मचारियों ने फॉल्ट बताया। लाइनमैन संजय और सोनू से पता चला कि गली नंबर–2 का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिसकी वजह से सप्लाई ठप है। इस पर जब लोगों ने जेई धर्मेंद्र कुमार से बात की तो उन्होंने न सिर्फ मामले की अनदेखी की बल्कि लोगों से बदसलूकी करते हुए गाली–गलौज तक कर डाली। आरोप है कि जेई ने यहां तक कह दिया कि वह मनमर्जी से बिजली देंगे और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जेई की इस हरकत से क्षुब्ध होकर स्थानीय निवासियों ने लखनऊ हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही मुख्य अभियंता प्रथम को लिखित रूप से शिकायत भेजते हुए दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय निवासी विनीत कुमार, अशोक कुमार सिंह, उमेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार शुक्ला, राजीव अग्रवाल, अजय और आरपीएस तोमर सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई। उनका कहना है कि बिजली विभाग जनता की सुविधा के लिए है, न कि धमकाने और मनमर्जी करने के लिए। आठ घंटे की बिजली कटौती से क्षेत्र के लोग उमस और गर्मी में परेशान रहे। छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों का कहना है कि बार–बार ट्रांसफार्मर खराब होना और विभागीय लापरवाही आम जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली विभाग ने जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया और अभद्र व्यवहार करने वाले जेई पर कार्रवाई नहीं की तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## दुष्कर्म मामले के आरोपी को शरण देने का आरोप

**मुरादनगर।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे सुशील प्रजापति को शरण देने के आरोप में बड़ा मोड़ आ गया है। पुलिस ने हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी का नाम भी मुकदमे में जोड़ दिया है। बुधवार दोपहर भारी संख्या में पुलिस बल जब आयुष त्यागी को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंचा तो हड़कंप मच गया। जैसे ही आयुष त्यागी को भनक लगी कि पुलिस घर पर दबिश देने पहुंची है, वह पिछले दरवाजे से निकलकर फरार हो गया। पुलिसकर्मियों ने पीछा भी किया, लेकिन वे उसे पकड ? में नाकाम रहे। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस इससे पहले दो आरोपितों को जेल भेज चुकी है। उन पर भी मुख्य आरोपी सुशील प्रजापति को शरण देने का आरोप सिद्ध हुआ था। पुलिस अब आयुष त्यागी को पकड ? के लिए जगह–जगह दबिश दे रही है। पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल इलाके में तनाव बढ़ा दिया है, बल्कि राजनीतिक हलचल भी तेज कर दी है। आयुष त्यागी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी सूरत में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## भड़काऊ भाषण और अभद्र टिप्पणी के मामले में मंडी में मचा था बवाल, बिजेंद्र यादव गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र की नवीन फल–सब्जी मंडी में 11 अगस्त को हुए बवाल के मुख्य आरोपी और कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक, 11 अगस्त को मंडी में दो पक्षों के बीच दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ था। मामले को सुलझाने के लिए व्यापारियों की बैठक बुलाई गई थी। इसी दौरान कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव ने मंच से भड़काऊ भाषण दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने मंडी सचिव की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी भी कर दी। भड़काऊ भाषण के बाद स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते मंडी में ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग हुई और तोडफोड़ भी की गई। इस बवाल में सचिन नाम का पल्लेदार गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे मंडी क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई थी। मंडी सचिव की पत्नी ने इस मामले में बिजेंद्र यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज की और रविवार को कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि आरोपी बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर 20 अगस्त को कोर्ट में पेश किया गया था।

# डीसीपी ट्रांस हिंडन के 'ऑपरेशन लंगड़ा में धर दबोचा


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ और अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के ऑपरेशन लंगड़ा का असर लगातार दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में साहिबाबाद थाना पुलिस ने बुधवार सुबह मुठभेड़ के दौरान एक शातिर स्नेचर को गोली मारकर धर दबोचा, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना नागद्वार से सिटी फॉरेस्ट जाने वाले रास्ते पर हुई, जहाँ एसएचओ योगेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। उसी समय बाइक पर सवार दो बदमाश आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने रुकने के बजाय अचानक फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पकड़े गए बदमाश की पहचान अमन निवासी 30 फुटा रोड, गली नंबर 11, नंदग्राम के रूप में हुई है। उसके पास से एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस, दिल्ली से चोरी की गई बाइक और लूटे गए मोबाइल बरामद हुए हैं। वहीं उसका साथी शिवम निवासी दिल्ली मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि अमन और शिवम दोनों शातिर किस्म के बदमाश हैं। इन पर लूट, स्नेचिंग, चोरी और गुंडा एक्ट समेत डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन लंगड़ा का मकसद साफ है बदमाश या तो कानून का पालन करें या फिर जेल और गोली दोनों के लिए तैयार रहें। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के नेतृत्व में चलाया जा रहा ऑपरेशन लंगड़ा अपराधियों के लिए खौफ का पर्याय बन चुका है। इस अभियान में पुलिस का साफ संदेश है कि अपराध कर भागने वालों को या तो जेल की हवा खानी पड़ेगी या फिर पुलिस की गोली। गाजियाबाद पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से साफ है कि अब अपराधियों के लिए जिले की धरती पर कोई जगह नहीं बची है। लगातार हो रही मुठभेड़ों से अपराधियों में दहशत और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

# यमुना का बढ़ता जलस्तर बना खतरा


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यमुना नदी का बढ़ता जलस्तर लोनी क्षेत्र के लिए चिंता का सबब बन गया है। नदी का पानी किनारे बसे गांवों की तरफ बढे लगा है, जिससे किसानों की हरी-भरी फसलें जलमग्न हो गई हैं। सब्जियां और हरा चारा पूरी तरह पानी में डूब चुका है। खेतों की तरफ जाने वाले मार्गों पर भी पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना ठप हो गया है। सिंचाई विभाग के मुताबिक रविवार शाम हथिनी कुंड बैराज से करीब 1.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ा। लोनी में जलस्तर खतरे के निशान 209 मीटर को पार कर सोमवार रात 211 मीटर तक पहुंच गया। अचानक बढ़े पानी से यमुना किनारे बसे गांवों में अफरा-तफरी का माहौल है। पचायरा, बदरपुर, मीरपुर, हरमपुर और ट्रोनिका सिटी समेत आसपास के गांवों में किसानों की लौकी, करेला, धनिया जैसी सब्जियां और मवेशियों का हरा चारा डूब गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यमुना की तरफ जाने वाले सभी मार्ग जलमग्न हो चुके हैं और पानी पुश्ता मार्ग से महज कुछ दूरी पर है। ग्रामीणों को डर है कि यदि जलस्तर और बढ़ा तो कई गांव पूरी तरह डूब सकते हैं। लोनी एसडीएम दीपक सिंघनवाल ने बताया कि बाढ़ से निपटने की पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण के साथ सात नाविकों को अलर्ट किया गया है। यमुना के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। मंगलवार को जलस्तर में मामूली कमी दर्ज की गई है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। गौरतलब है कि 2023 की बाढ़ में सुभानपुर के पास अलीपुर पुश्ता टूट गया था, जिससे लोनी के कई गांव और ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र डूब गए थे। उस अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रशासन ने पहले से ही स्थायी बाढ़ चौकी और 11 शरणस्थल तैयार कर दिए हैं। तहसीलदार जय प्रकाश सिंह ने बताया कि लेखपाल गांव-गांव जाकर किसानों से मिल रहे हैं और खेतों में हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। दौरसपुर और इलायचीपुर के ठोकर नंबर 33 पर मिट्टी के कट्टे और पत्थर डालकर सुरक्षा इंतजाम किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं, लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी है।

# टूरिस्ट बस डिवाइडर से टकराई, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-मेरेट एक्सप्रेस-वे पर सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हल्द्वानी से आ रही एक टूरिस्ट बस सन सिटी गेट के पास अचानक सामने आए वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जोरदार टक्कर से बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में बस चालक व परिचालक समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना प्रभारी सर्वेश कुमार पाल पुलिस बल व रेस्क्यू टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बस को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया, जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें नहीं लग सकीं। इस घटना पर एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि हादसा काफी गंभीर था लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई और रेस्क्यू की वजह से कई जिंदगियां बच गईं। उन्होंने कहा कि यदि देर होती तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद बस के अंदर चीख-पुकार मच गई। घायल यात्री मदद के लिए पुकारते रहे। कुछ लोग बस की खिड़कियां तोड़कर बाहर निकले। पुलिस व रेस्क्यू टीम ने मिलकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे पर गश्त और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के पुलिस उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर दिन फरियादियों की भीड़ पहुंच रही है। पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने हर दिन कि तरह बुधवार को भी अपने कार्यालय पर आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान वे प्रत्यक्ष रूप से लोगों से संवाद करते हुए उनकी परेशानियों को समझते रहे और तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए। डीसीपी ने इस दौरान यह स्पष्ट किया कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का पहला कर्तव्य जनता की पीड़ा को समझना और उसे दूर करना है। समस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता को वास्तविक राहत देने वाला होना चाहिए। शिकायत दर्ज करने मात्र से काम पूरा नहीं होता, बल्कि उसकी प्रगति पर नजर रखना और अंतिम निस्तारण तक उसे गंभीरता से देखना पुलिस की जिम्मेदारी है। शिकायतकताओं से सीधे संवाद कर जायसवाल ने यह भरोसा दिलाया कि उनकी बात सुनी भी जाएगी और उसका परिणाम भी सामने आएगा। इस जनसुनवाई से उपस्थित नागरिकों को यह विश्वास मिला कि उनकी समस्याएँ अब अनसुनी नहीं रहेंगी और न ही केवल कागजों में दबकर रह जाएंगी। डीसीपी ने अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकरण में कोताही सामने आने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।